

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 | वर्ष: 02, अंक: 295 पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने जेवर हवाई अड्डे पर फ्लाइट की लैंडिंग का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली**

केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सोमवार को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इंडिगो के पहली वैलिडेशन फ्लाइट की लैंडिंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भारत में हवाई यात्रा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बदल जाएगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि नोएडा स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) पर आज पहली वैलिडेशन फ्लाइट सफलतापूर्वक उतरी, जो ऑपरेशनल तत्परता की दिशा में इसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ महेश शर्मा और जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट दोपहर में हवाई अड्डे पर लैंड किया।

## एक साल पूरा होने पर जन कल्याण पर्व शुरू करेगी मोहन सरकार

**नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 से 26 दिसंबर तक मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2004 से पहले प्रदेश में सिर्फ पांच मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 30 हो गई है। अगले सवा साल में इनकी संख्या 50 करने का लक्ष्य है। जो हमने कहा, वह हम करके दिखाएंगे। महिलाओं के लिए जो योजना चलाई गई थीं।

# पीएम ने एलआईसी बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ

## हमारी सरकार ने बीते 10 वर्षों में नारी सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए: पीएम

**पानीपत**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में एलआईसी बीमा सखी योजना के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के एक दशक बाद इसी से बहनों-बेटियों के लिए 'बीमा सखी योजना' का प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते 10 वर्षों में नारी सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने के संकल्प के साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। मोदी ने कहा, ह्लआज महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज 9 तारीख है, शास्त्रों में 9 अंक को बहुत शुभ माना जाता है। 9 अंक नवदुर्गा की नव शक्तियों से जुड़ा है। 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान की 75वीं वर्षगांठ का महोत्सव मना रहा है, 9 दिसंबर की ये तारीख हमें समानता और विकास को सर्वस्पर्शी बनाने की प्रेरणा देती है। कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव चल रहा है। मैं गीता की धरती को नमन करता हूं। हरियाणा ने जिस तरह से 'एक है तो सुरक्षित है' के मंत्र को अपनाया है, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है।





### आज भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा है: पीएम मोदी



पीएम ने कहा कि कुछ साल पहले मुझे यहां पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक परिणाम हरियाणा के साथ पूरे देश में हुआ। अकेले हरियाणा में इस योजना के तहत हजारों बेटियों का जीवन बचा है। इसी धरती से बीमा सखी योजना का शुभारंभ हुआ है। यानी पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। आज भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा है। हमें इसके लिए ऊर्जा के स्त्रोत चाहिए। इसके लिए हमारा उत्तर भारत ऊर्जा का स्त्रोत है। ऐसी ही हमारी ऊर्जा की स्त्रोत नारी शक्ति भी है। वही हमारी प्रेरणा की स्त्रोत रहने वाली हैं। ये विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार बनेंगी। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनाई, इसके लिए मैं हरियाणा के हर परिवारजन का वंदन करता हूं। सैनी की नई सरकार को बने हुए अभी कुछ हफ्ते ही हुए हैं और उनकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। सरकार बनने के तुरंत बाद जिस तरह यहां बिना पर्ची बिना खर्ची के हजारों युवाओं को पक्की नौकरियां मिली हैं, वह देश ने देखा है। अब यहां डबल इंजन की सरकार डबल रफ्तार से काम कर रही है। चुनाव के दौरान आप सभी माताओं बहनों ने नारा दिया था म्हारा हरियाणा नान स्टॉप हरियाणा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक हमारे देश में ऐसे अनेक काम थे, जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की हमारी सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा कि आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे। हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। उन्होंने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है यानि जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में हमने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तौलने वाले लोग आज बहुत परेशान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है।

### महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा: पीएम



**महिला** सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए ग्रामीण महिलाओं को जोड़ा है। आज देश की दस करोड़ बहनें ग्रुप में जुड़ी हैं। वह इस ग्रुप के जरिए कमाई कर रही हैं। सरकार ने महिलाओं को आठ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा मदद दी है। आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप ही देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का काम कर रही हैं। मैंने लाल किले से तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है। अभी तक एक करोड़ पन्द्रह लाख लखपति दीदी बन चुकी हैं। हरियाणा में नमो ड्रोन दीदी की बहुत चर्चा है। हरियाणा चुनाव के दौरान मैंने कुछ इंटरव्यू पढ़े थे, उनमें महिलाओं ने बताया था कि कैसे उन्हें ड्रोन दीदी बनने का अवसर मिला। इससे उनको तीन लाख रुपए की कमाई हुई। यानी एक सीजन में लाखों की कमाई हो रही है।

खेती और बहनों का जीवन दोनों बदल रहा है। पीएम ने कहा कि सोशल सिक्योरिटी के लिए, गरीबी को जड़ से मिटाने के लिए बीमा सखी अहम भूमिका निभाएगी। सरकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना चला रही है। बहुत कम प्रीमियम में दो-दो लाख तक का बीमा कराया जाता है। आज जो लोग बीमा कराने की सोच नहीं सकते थे उनका बीमा हो रहा है। इन योजनाओं के तहत अब तक देश में 20 हजार करोड़ रुपए क्लेम किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसी लाखों बैंक सखियां आज बैंकों में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

बीमा सखी योजना के तहत दो लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। दसवीं पास बहनों बेटियों को ट्रेनिंग दी जाएगी।







## जागरूक कॉलर को पुलिस ने किया सम्मानित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । 20 नवंबर को कॉलर अजय पाण्डेय द्वारा यू0पी0-112 पर काल कर सूचना दी** गई कि बस और ऑटो का आपस मे एक्सीडेंट हो गया है, मौके पर 4 लोग घायल हैं एम्बुलेंस की सहायता चाहिए । उक्त इवेन्ट संख्या- ढ20112431087 की सूचना पर पीआरवी 5049 तत्काल मौके पर पहुंची तथा देखा कि पिकप का ड्राइवर गाड़ी में बुरी तरह फंसा है तथा घायल अवस्था में है। पीआरवी कर्मचारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुये घायल ड्राइवर को अथक प्रयास कर बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया । कॉलर की जागरूकता के कारण घायल को समय से सहायता मिलने से घायल की जान बचाई गयी । अतः मुख्यालय 112, लखनऊ द्वारा उक्त कालर के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है और कालर को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह यू0पी0- 112 द्वारा कालर को प्रशस्ति पत्र एवं भेंट प्रदान किया गया ।

## मिशन शक्ति : डीएम एसपी द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारें में जागरूक किया गया।



पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा ग्रामीण, शहरी व कालजों/स्कूलों से अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं /बालिकाओं द्वारा की गयी उपलब्धि जैसे-संस्था/ग्राम पंचायत/विद्यालयों में सराहनीय कार्य करने वाली समाज सेवा/काउंसलरों को, पंचायत मुखिया के रूप में समाज सेवा करने वाली महिला ग्राम प्रधानों को, शिक्षण एवं छात्राओं को जागरूक करने वाली प्रधानाध्यापिकाओं को, समाजिक कार्यकर्ता के रुप में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को, जूडो में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खेल प्रतियोगी बच्चियों को, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान करने वाली आशा बहुओं को, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र पर नियुक्त रहकर योगदान करने वाली स्टाफ नर्सों को, हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट कक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को व अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर जागरूक करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

कौशांबी। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कड़ा धाम और कौशांबी थाने की पुलिस ने एक एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।





थाना कड़ाधाम पुलिस उ०नि० योगेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त लक्ष्मण पुत्र भोले लाल नि० सुखधरनपुर किठांव थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।



थाना कौशाम्बी पुलिस उ०नि० विमल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त इन्दलाल रैदास पुत्र यमुना प्रसाद नि० ग्राम झडिया का पुरा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

# डीएम ने राजकीय आश्रम ककोढ़ा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कड़ा का किया औचक निरीक्षण





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। डीएम म**धुसूदन हुल्गी ने राजकीय आश्रम पद्यति इंटर कालेज ककोढ़ा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कड़ा का औचक निरीक्षण किया।

राजकीय आश्रम पद्यति इंटर कालेज ककोढ़ा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रहें निर्माण कार्य को देखा, जिसकी प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान उन्हांने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति चेक किया, वहॉ पर छात्रों की उपस्थिति कम पायी गई, कुल 490 छात्रां के सापेक्ष 280 छात्र ही उपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि अभिभावकों से वार्ता कर छात्रां की उपस्थिति बढ़ायें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर कुछ छात्रों द्वारा नीट एवं जे0ई0 की तैयारी के बारे में उत्सुकता दिखाई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को बच्चां से वार्ता उनकी तैयारियों के सम्बन्ध में उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दियें। उन्हांने विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था और चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दियें।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, कड़ा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने क्लॉस रूम में पहुॅचकर छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूॅछा, जिसका छात्राओं द्वारा सही जवाब दिया गया, शिक्षा की गुणवत्ता सही पाया गयी।

## कमांडेंट आरएएफ द्वारा मय टीम पुलिस अधीक्षक से किया शिष्टाचार भेंट

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। सोमवार को पु**लिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल से पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद फतेहपुर में कमांडेंट आरएएफ द्वारा मय टीम शिष्टाचार भेंट की गयी व उनके उज्ज्वल भविष्य एवं देशहित में कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। ये भेंट दोनों विभागों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## स्वयं की सुरक्षा हेतु महिलाओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।



## एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उ०नि० सन्तोष कुमार चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त संजय कुमार पुत्र हरि प्रसाद नि० ग्राम अफजलपुर वारी थाना मोहब्बतपुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को खुजा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गौ तस्कर घायल समेत सात गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। रात्रि को** यूपी 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमरपुर गौरियाघाट रोड पर स्थित मां डेरी दूध के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन लिये जंगल के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। उक्त सूचना पर स्वाट व थाना सतरिख पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक अदद पिकप वाहन खड़ा है तथा तिरपाल से ढ़का हुआ है व डाले मे रस्सी रखी है तथा एक अन्य वाहन ईको में 01 अदद लोहे का चापड़, एक अदद चाकू, एक अदद छूरी पायी गयी। इसी दौरान जंगल में छिपे हुए गौ तस्करों/बदमाशों द्वारा पुलिस टीम को देखकर गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में 02 गौ तस्करों/बदमाशों सरवर पुत्र मो0 उमर उर्फ गुल्जारी निवासी ग्राम लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर . गुफरान पुत्र मो0 रफी निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जपनद बाराबंकी के पैर मे गोली लगने से घायल हो गए। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण सरवर व गुफरान उपरोक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया एवं मौके से भाग रहे 05 अन्य बदमाशों मो0 उमर उर्फ गुल्जारी पुत्र गुलाम रसूल निवासी लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर . अंकुल पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता निवासी लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर , इरफान पुत्र अजमेरी निवासी सरैया थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी, नवीजान पुत्र रियासत निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी . मो0 अजीज पुत्र मो0 रईश निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण सरवर . गुफरान उपरोक्त के कब्जे से 2 अवैध तमंचा .315 बोर व 02 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।





## एएसपी ने जनपद के समस्त थानें के महिला बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर दिये निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर। पुलिस** अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त थानें के महिला बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित महिला बीट अधिकारियों से बीट में भ्रमण से संबंधी फीडबैक लिया गया तथा उनको अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित एवं विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए तथा जिन समस्याओं का निस्तारण उनके स्तर से संभव न हो तो अपने उच्चाधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एएसपी द्वारा महिला बीट अधिकारियों को अपने बीट रजिस्टर अध्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिए।

## नवाबगंज पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**नवाबगंज।**

**सोमवार को नवाबगंज पुलिस क्षेत्र** में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट में वांछित चल रहे महिला समेत तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तीन वांछित अभियुक्त दीपक कुमार . सूरज कुमार पुत्रगण अमृतलाल व अभियुक्ता राजकुमारी प्रजापति उर्फ कुंवारी देवी पत्नी अमृतलाल निवासीगण ग्राम हथिगंहा सब्जी मण्डी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज मूल पता रसूलपुर चाँदी लखरैया थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हथिगहां सब्जी मण्डी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।



**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 जयप्रकाश सिंह. उ0नि0 सुन्दर श्याम दुबे. म0उ0नि0 अर्चना गोंड, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी- प्रदेश अध्यक्ष

**गौरव मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कानपुर नगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत जाजमऊ पुल पर पदाधिकारियों के द्वारा धूमधाम से किया गया। प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बताया। एडवोकेट पंकज राजावत के साथ पहुंचे सैकड़ो पदाधिकारियो ने जय मां भवानी जय राजपूताना के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। कानपुर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष





कुं मनोज सिंह भदौरिया को तलवार भेंटकर पगड़ी पहनाई वही लखनऊ से साथ चल रहे प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत ने कहा कि अब प्रदेश का माहौल बदलने वाला है क्योंकि प्रदेश की कमान अब क्षत्रिय समाज के कुल भूषण मनोज भदौरिया जी को मिली है। सैकड़ो पदाधिकारियों के बीच नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सर्व समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। तथा महिलाओं की भागीदारी और संगठन में बढ़ाई जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करेगी। तथा संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के विभिन्न चौराहों पर पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री धीरेंद्र सिंह भदोरिया प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत प्रदेश प्रभारी हरी राज सिंह जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष एड पंकज सिंह राजावत

## फूलपुर में भाकियू ने बीडीओ को सौपा पांच सूत्रीय ज्ञापन



मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। भारतीय** किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष हरि गोविंद यादव ने ब्लाक में किसान पंचायत लगाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के बाद पांच सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ फूलपुर एवं सहसों को सौप कर मांगो को जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि ब्लॉक के समस्त गांवों में कराए गए विकास कार्यों का उच्च अधिकारियों की टीम गठित कर सत्यापन कराया जाय तथा गांवों में सफाई कर्मियों द्वारा नालियों की सफाई न किए जाने के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि गांवों में नालिया बजबजा रही है और अधिकांस सफाई कर्मचारी ब्लाक कार्यालय में बैठ कर कुर्सियां तोड़ते नजर आते हैं। जबकि गांवों में प्राइवेट मजदूर लगाकर सफाई कराते हैं। यही नहीं जरूरत मंदों पात्रों को शौचालय सुविधा से वंचित रखा गया है। विधवाओं और अधिकांस वृद्धो को सरकार द्वारा प्रदत्व पेंशन से बहुतेरे वंचित है। पात्रों को आवास नहीं मिल पाया है आदि मांगो को लेकर ज्ञापन में मुख्य बाते लिखी गई है। मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा, मंडल सचिव मदन, युवा अध्यक्ष नकुल पटेल, जियालाल, कमलेश कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस द्वारा दो वारण्टी गिरफ्तार





सबसे तेज प्रयागराज

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना ललौली पुलिस द्वारा वारण्टी सोनू रैदास पुत्र स्व० पुत्तन रैदास निवासी ग्रांम खटौली थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

थाना खखरेरू पुलिस द्वारा वारण्टी मुन्ना खां पुत्र सहादत अली नि० ग्राम अंजना कबीर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## स्कूल जाते समय कोई करें परेशान तो दे पुलिस को सूचना

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी ।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक / आरक्षियों द्वारा चौराहों / बस स्टैण्ड / टैक्सी स्टैण्ड / जिला अस्पताल / विद्यालय / गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय पूरे घोष , थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा नगर पंचायत विद्यालय पश्चिम शरीरा में, थाना पिपरी व थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना मंझनपुर व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर बाजार/चौराहे पर भ्रमण कर, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा जनता इंटर कॉलेज पहाड़पुर पइंसा में, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा कंपोजिट विद्यालय बरीपुर कोखराज में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा तिल्हापुर मेले में तथा थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा मां शीतला धाम मंदिर में भ्रमणशील रहते हुए/ चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।





# डीएम ने प्राप्त 2 आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण का स्वयं मौका मुआयना किया, निस्तारण सही पाया गया



सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या-40017424010026 आवेदक पवन कुमार पाण्डेय पुत्र उमाचन्द्र पाण्डेय ग्राम-नासिरपुर फरीदगंज परगना कड़ा तहसील सिराथू द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र के की जॉच राजस्व निरीक्षक से करायी गई, राजस्व निरीक्षक की जॉच आख्या दिनांक 16.10.2024 के क्रम में पाया गया कि ग्राम नासिरपुर, फरीदगंज की आराजी संख्या-190 रकबा-0.034हे0 जो कि सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के नाम से अंकित है।

जिसको शिकायतकर्ता पवन कुमार पाण्डेय की शिकायत पर दिनांक 05.10.2024 को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के ई0ओ0 व राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्रीय लेखपाल एवं उभयपक्षों की उपस्थिति में उपरोक्त आराजी संख्या को चिन्हित कर ई0ओ0 के सुपुर्द कर दिया गया। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

इसी प्रकार आई०जी०आर०एस० संदर्भ सं०-92417400002649 पवन कुमार वार्ड संख्या-05 द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर अवैध कब्जे के सम्बन्ध में शिकायत की गई थी, शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल के चिन्हांकन के उपरान्त अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया था, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल के चिन्हांकन के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा भी गाटा संख्या-190 पर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा अवैध कब्जा नहीं छोड़ा गया था, जिसे उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा गठित टीम क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक के सहयोग से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत-दारा नगर कड़ाधाम द्वारा कब्जामुक्त करा दिया गया है। जिसकी आख्या प्रेषित की गई थी। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया।

## बिजली उपभोक्ताओं को समाधान योजना में सरचार्ज से मिलेगी छूट



सबसे तेज प्रयागराज

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** विद्युत विभाग ने अपने उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत योजना का ऐलान किया है. अगर किसी कारण उपभोक्ता समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर पाए हैं और उनके बिल पर सरचार्ज के कारण देनदारी बढ़ गई है, तो अब वे एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत सरचार्ज से पूरी तरह छूट प्राप्त कर सकते हैं. विभाग के अवर अभियंता ने प्रदीप पटेल व सब डिवीजन क्लार्क महेश कुमार त्रिपाठी ने स्थानीय नगर पंचायत सभागार मे चेयरमैन प्रतिनिधि मुख्तार अहमद व समस्त वार्ड के सभासदो के साथ बैठक कर योजना की जानकारी दिया बताया की प्रदेश सरकार और विधुत विभाग के निदेर्शानुसार उपभोक्ता बकाया राशि की शत–प्रतिशत वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। पंजीकरण प्रकिया 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगी। उपभोक्ता बकाया राशि का 30 प्रतिशत जमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। एक किलो वाट तक के उपभोक्ता 5,000 तक बकाया का एकमुश्त जमा करने पर 100 प्रतिशत सरचार्ज एवं किश्तो में जमा करने पर 75 प्रतिशत सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते हैं । समाधान योजना तीन चरणों में रहेगी। 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक योजना लागू रहेगी। पहला चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 16 दिन, दूसरा चरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 16 दिन रहेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को 30 सितंबर तक के बकाया बिजली बिलों के सरचार्ज में छूट दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा। पहले चरण में उपभोक्ताओं को अधिक छूट प्राप्त होगी। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को पहले चरण में बकाए के एकमुश्त भुगतान पर बिलों के सरचार्ज में शत–प्रतिशत छूट मिलेगी। पहले चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में 75 प्रतिशत, दूसरे चरण में 65 प्रतिशत और तीसरे चरण में 55 प्रतिशत छूट होगी। इस दौरान अमीर अंसारी , सभासद अमर बहादुर , अमरेश सरोज , सभासद प्रतिनिधि कमाल अरसद , पूर्व सभासद इमरान फारुकी लिपिक कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

## इफको को मिला सहकार भारती मैंन ऑफ इंडिया का सम्मान

### इफको प्रबंध निदेशक डॉ. यू.एस. अवस्थी को फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया के रूप में किया गया सम्मानित



मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर।** इफको के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. उदय शंकर अवस्थी को उर्वरक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सहकार भारती द्वारा प्रतिष्ठित फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसको लेकर इफको फूलपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।सहकार भारती के राष्ट्रीय महासचिव उदय जोशी ने घोषणा की है कि डॉ. उदय शंकर अवस्थी को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और दत्तात्रेय होसबोले द्वारा ताम्र पत्र (कांस्य पट्टिका) के साथ यह पुरस्कार प्रदान किया गया।अपने स्वीकृति भाषण में डॉ. अवस्थी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और सहकार भारती के असाधारण जमीनी स्तर के काम की प्रशंसा की। उन्होंने रॉक फॉस्फेट, पोटाश और प्राकृतिक गैस जैसे आवश्यक उर्वरकों के लिए आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। इस चुनौती का समाधान करने के लिए, डॉ. अवस्थी ने नैनो उर्वरकों के विकास में इफको के अग्रणी प्रयासों पर प्रकाश डाला, जो मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करते हुए विदेशी मुद्रा बचाते हैं। उन्होंने सहकार भारती के कार्यकताओं से नैनो उर्वरकों के लाभों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का आग्रह किया, भारत को कृषि में आत्मनिर्भर बनाने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। डॉ. अवस्थी ने सहकारी समितियों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया, सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए बड़ी सहकारी समितियों को छोटी सहकारी समितियों का समर्थन करने की वकालत की। उन्होंने टिप्पणी की कि सहकार भारती जैसे संगठन जमीनी स्तर पर लामबंदी पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि इफको जैसी व्यवसाय–उन्मुख संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे उन्हें उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करें। इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम्‍ प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव ने इस अवसर पर हर्ष व प्रसन्नता व्यक्त किया।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज ।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुंगारी गांव के सल्दी का पूरा का रहने वाला 18 वर्षीय जितेंद्र यादव छोटकऊ पुत्र धर्म राज यादव सोमवार की सुबह मनैया घाट से बालू लादकर करछना थाना क्षेत्र के नेवादा नरैना गांव के ईंट भट्ठे पर गिराने जा रहा था। अचानक नरैना गांव के पास उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। स्थानीय लोगों ने उसे ट्रैक्टर से नीचे निकालकर औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। अस्पताल के डाक्टरों ने औद्योगिक पुलिस को युवक के दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने करछना पुलिस को मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने कहा कि मौके पर उपनिरीक्षक अखिलेश राय को भेजा गया था। स्वजन युवक का पोस्टमार्टम कराने के लिए नहीं तैयार हुए। स्वजनों ने मृतक का बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के स्वजनों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की। इसलिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

वहीं लगातार मनैया गांव में अवैध बालू और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। पुलिस और राजस्व विभाग के साथ खनन विभाग को

## वकील हत्याकांड में वांछित ब्लाक प्रमुख चालक समेत गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज ।** अधिवक्ता अखिलेश उर्फ गुड्डू शुक्ला हत्याकांड में वांछित मुख्य आरोपित ब्लाक प्रमुख अतुल प्रताप सिंह व उसके कार चालक अजय कुमार को शिवकुटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को रविवार देर शाम मजार तिराहे के पास से पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उनको जेल भेज दिया गया। शिवकुटी क्षेत्र के रहने वाले अखिलेश उर्फ गुड्डू शुक्ला अधिवक्ता थे। पिछले माह उनकी हत्या कर दी गई थी। शिवकुटी पुलिस ने निखिलकांत सिंह निवासी नरियांव थाना जहाँगीरगंज जनपद अंबेडकर नगर, प्रिंस सिंह उर्फ रणविजय सिंह निवासी रामपुर उदयभान थाना कोतवाली जनपद बलिया, मनोज सिंह निवासी टीलापुर पोस्ट जमधरवा थाना रेवती जिला बलिया और दुर्गेश कुमार सिंह निवासी ग्राम बसंतपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया को गिरफ्तार किया था। लेकिन मुख्य आरोपित अतुल प्रताप सिंह निवासी पचखोरा थाना गढ़वार जनपद बलिया व उसका कार चालक अजय यादव सुखपुरा, बसंतपुर हाथ नहीं लगे थे। इसमें अतुल प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख है। पुलिस की टीमें लगातार दोनों को तलाश रही थीं। दोनों पर पांच–पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दोनों के खिलाफ अदालत से गैर जमानती वारंट भी जारी हो चुका है। दोनों की गिरफ्तारी न होने पर शनिवार को तमाम अधिवक्ताओं ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर महाराणा प्रताप चौराहे पर रास्ताजाम किया था। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि आरोपित को तीन दिनों में दबोच लिया जाएगा। रविवार देर शाम शिवकुटी थाना प्रभारी वीरेंद्र यादव को जानकारी मिली कि दोनों मजार तिराहे के पास पहुंचने वाले हैं। खबर पाते ही पुलिस ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## भगवान श्री राम के आगमन के बाद बढ़ा शृंगवेरपुर धाम का महत्व-अतुल जी महाराज




सबसे तेज प्रयागराज

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आगमन से इस स्थल का और भी महत्व बढ़ गया है यही नहीं बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने जिस तरह से निषाद राज जी को गले लगाया शबरी के झूठे बेर खाए बंदर और भालुओं पशु और पक्षियों को अत्याचार के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया और सामाजिक समरसता का संदेश प्रदान करते हुए इस भूमि को सदैव सदैव के लिए प्रतिष्ठित कर दिया श्रृंगवेरपुर धाम ज्ञान और वैराग्य की भूमि है और प्रत्येक व्यक्ति को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन चरित्र का अनुकरण करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है यह बाते अतुल जी महाराज ने रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा संचालित श्री राम कथा शोध संस्थान के माध्यम से आयोजित एकदिवसीय मासिक श्री राम कथा में कही व्यास गद्दी से राष्ट्रीय कथा वाचक अतुल जी महाराज ने कहीं श्री राम कथा में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक उपेंद्र सिंह युवा समाजसेवी वैभव करवरिया जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य राम जानकी नगर के निदेशक अनुज विद्यार्थी की सम्मानित उपस्थिति रही इस अवसर पर रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम में महाकुंभ संचालन का भी संकल्प लिया गया जिसमें आने वाले तीर्थ यात्रियों के साथ ही 12 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रत्येक रविवार को तीर्थराज प्रयाग मैं पधारे हुए विशिष्ट संतो को श्रृंगवेरपुर धाम में लाकर उनका आदित्य सत्कार एवं अभिनंदन करने के साथ ही मां भगवती गंगा जी की विशेष और भव्य आरती में सम्मिलित करना और व्यवस्थाओं के संबंध में शासन प्रशासन से समन्वय स्थापित करना आदि जिसका मुख्य उद्देश्य श्रृंगवेरपुर धाम को तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ से जोड़े रखना है राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज , महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी , संयोजक विनय कुमार अग्रवाल , अधिवक्ता बलराम सिंह , लाल जी शर्मा , अनुपम मिश्रा , पवन शुक्ला , बसंत लाल उपाध्याय , जियालाल , रेखा भारती , तन्मय द्विवेदी , संचालन राष्ट्रीय रामायण मेला के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे ।

# शिक्षा वही है जिससे विवेक - चेतना का हो विकास : अशोक पाठक

## डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह, एडिशनल डायरेक्टर रितिज विक्रम सिंह, प्रिंसिपल अमित मिश्रा,डा वंदना सिंह ने व्याख्यान का किया स्वागत

## राष्ट्रीय एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गीता के विज्ञान के कर्मयोग पर दिया व्याख्यान



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। सनातन** एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने आज गुरुकुल मांटेसरी स्कूल, शांतिपुरम, फाफामऊ में श्रीमद्भागवद् गीता 'विज्ञान के कर्मयोग ' विषय पर कार्य शाला बच्चों को विस्तार से जानकारी दिया। मुख्य वक्ता सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार पाठक ने कहा कि भगवद्गीता कर्मयोग, ज्ञान योग, न्याय योग, राजयोग, सांख्य योग का विज्ञान है और चेतना व बुद्धि के विकास का कर्म विज्ञान है। उन्होंने कहा कि विद्या और ज्ञान का अन्तिम और परम लक्ष्य केवल जीविका के संशाधन खडे करना नहीं है, बल्कि चेतना का विकास करके अपराधमुक्त, न्यायपूर्ण, सुसंस्कृत, सभ्य, संवेदनशील और कर्मण समाज का निर्माण करना है। सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने कहा कि उत्तम समाज की कल्पना अपराध, संकीर्ण स्वार्थी और तुच्छ स्वकेन्द्रित बुद्धि से नहीं हो सकती ' सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सार्वभौमिक न्याय अति आवश्यक है। मानवाधिकारों की रक्षा और प्रकृति तथा पर्यावरण की रक्षा न्याय के शासन का मूल सिद्धान्त ह

जिससे सभी जीव या आत्माएं संतुष्ट हो वही धर्म है और ऐसा शासन तंत्र ही धर्म निष्ठ शासन तन्त्र है' ऐसे तन्त्र को स्थापना की विद्या ही राजविद्या है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने कहा कि गीता के अनुसार चेतना का विकास सुनियोजित विज्ञान युक्त प्रक्रिया से सम्भव है। उन्होंने कहा कि इसके लिए शिक्षण प्रशिक्षण और कर्मयोग से आत्मज्ञान, और न्याय दर्शन का ज्ञान आवश्यक है। इसके लिए कर्म, अकर्म और विकर्म का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के श्रेष्ठ उत्थान के लिए सनातन व्यवस्था में चार आश्रम और चार पुरुषार्थ का वर्णन है। सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक ने कहा कि प्रथम वृह्मचर्य आश्वम में ज्ञानर्जन करना है, अर्थ को जानना परम अर्थ ईश्वर को जानना, न्याय, दर्शन और तत्व को जानना स्थितियो परिस्थितियों के विश्लेषण की सामध्य प्राप्त करना चेतना का विकास करना, यही इस आश्रम के कर्म है। उन्होंने कहा कि उसके बाद समावर्तन संस्कार और ग्रहस्थ आश्रम में 25 वर्ष में प्रवेश करना जिसमे विवाह आदि करके सामाजिक, पारिवारिक दायित्वों का पालन, विभिन्न सुखों को भोगना, धनार्जन, राष्ट्र, समाज के लिए सभ्यक कर्म योग ।

ॉ अध्यक्ष अशोक कुमार पाठक ने कहा कि वानप्रस्थ - अर्जित ज्ञान, धन और संशाधनों वे कर्म, सामाजिक उन्नति में पोगदान लोक कल्याण और तपस्या जीवन के अन्तिम चौचाई भाग में मोक्ष प्राप्ति हेतु सामाजिक जीवन से सन्यास लेकर मोह, इच्छाओं और सकाम कर्मो का त्याग करते हुए ईश्वरत्व को प्राति के लिए प्रयत्न में लग जाना। अध्यक्ष अशोक पाठक ने कहा कि इनके द्वारा जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। युवाओं को चाहिए कि अपने जीवन को सुनियोजित करते हुए विद्यार्थी जीवन से ही जागरूक हो जाना चाहिए और जीवन के लक्ष्यों का निर्धारण आज ही करते हुए उचित मार्गदर्शक मे आगे बढकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता मिश्रा ने कहा कि गीता ब्रह्म वाणी है, इसमे जीवन जीने के गूढ़ विषय को विस्तार पूर्वक बताया गया है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को गीता का नियमित अध्ययन करना चाहिए। सनातन एकता मिशन के द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों को गीता का वितरण भी किया गया ।

इसके पूर्व गुरुकुल मांटेसरी स्कूल के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह, एडिशनल डायरेक्टर रितिज विक्रम सिंह, प्रिंसिपल अमित मिश्रा, फाउंडर प्रिंसिपल अलका अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक डॉ वंदना सिंह ने सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अशोक कुमार पाठक का बुके और अंगवस्त्रम से स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक उप प्रधानाचार्या डा वंदना सिंह ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गुरुकुल मांटेसरी स्कूल की कविता भार्गव, अविनाश कुमार, कामिनी तिवारी, शैलेश सहित अन्य लोग मौजूद थे। प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता मिश्रा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

संपादक की कलम से

# महायुति की राह कठिन रहेगी

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश तो दिया था कि 26 नवम्बर तक हर हाल में महाराष्ट्र की सरकार बन जानी चाहिये, लेकिन शीर्ष अदालत की सीधी अवहेलना करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भरपूर समय लिया और समयसीमा खत्म होने के 9 दिन बाद आखिरकार गुरुवार को देवेन्द्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ उप मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी शपथ ली। ढाई साल पहले एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से अलग होकर न केवल भाजपा का साथ दिया था वरन मुख्यमंत्री पद भी पा लिया था। वहीं अजित पवार ने अपनी पार्टी राकांपा को तोड़कर उसके एक धड़े के साथ महायुति सरकार का हिस्सा बनना स्वीकार किया था। खुद फडणवीस, जो पहले दो बार मुख्यमंत्री बने थे, पार्टी के प्रति निष्ठा दिखलाते हुए इस दौरान एकनाथ शिंदे के साथ उप मुख्यमंत्री बनकर काम करते रहे। उनकी निष्ठा व धैर्य का पुरस्कार अंततः मिला और अब वे शिंदे के हाथ-पांव मारने तथा कई तरह की भाव-भंगिमाएं दिखाने के बावजूद राज्य का शीर्ष पद पाने में सफल हो गये। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिये 20 नवम्बर को मतदान हुआ था और नतीजे 23 निकले थे। इसमें भाजपा को 132 सीटें मिलीं और उसका दावा है कि 3 निर्दलीय विधायकों का भी उसे समर्थन है।देवेन्द्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गये हैं लेकिन सारी नारें पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे पर बनी रहेंगी। इसका कारण है उनके बदले हुए तेवर। हालांकि चुनाव के पहले माना जा रहा था कि महायुति (भाजपा-शिंदे की शिवसेना-अजित पवार की एनसीपी) की जीत की गुंजाइश नहीं है लेकिन इस अप्रत्याशित जीत ने शिंदे के साथ अजित पवार के खेल को बिगाड़ दिया क्योंकि दोनों ही उम्मीद लगाये बैठे थे कि चाहे महायुति जीते या महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस-उद्धव की शिवसेना-शरद पवार की एनसीपी)- किंगमेकर वे दोनों ही रहेंगे। दोनों की उम्मीद त्रिशंकु विधानसभा से थी लेकिन अब नयी सूरत में भाजपा के अलावा किसी की नहीं चल सकती। दोनों के पास भाजपा को समर्थन देने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। अजित पवार ने परिस्थितियों को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया। ज्यादा सौदेबाजी किये बगैर उन्होंने नयी सरकार में वही पद स्वीकार कर लिया जो वे पिछली सरकार में (शिंदे के नेतृत्व वाली) सम्हालते थे।शिंदे ने अलबत्ता शपथग्रहण के कुछ घंटे पहले तक रहस्य बनाए रखा कि वे सरकार में शामिल होंगे या नहीं। एकनाथ शिंदे ने जो तेवर दिखलाये उससे साफ है कि आगे भी वे भाजपा के लिये सरदर्द बने रहेंगे। जैसे ही तय हुआ कि भाजपा फडणवीस का नाम मुख्यमंत्री के लिए आगे बढ़ा सकती है, शिंदे बीमारी तथा चुनाव प्रचार की थकान का बहाना कर अपने सातारा स्थित गांव चले गये।

दो दिनों के बाद लौटे तो उनकी नाराजगी बरकरार थी। बुधवार की शाम फडणवीस उनके शासकीय आवास 'वर्षा' बंगले पर गये जिसके बाद उन्होंने घोषित किया कि वे नयी सरकार को समर्थन देते रहेंगे। खुद के लिये किसी पद को लेने से इंकार कर दिया। हालांकि कहा जाता है कि उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात कर कहा कि उन्हें अगले 6 माह तक मुख्यमंत्री बना रहने दिया जाये जिसे केन्द्रीय नेतृत्व ने अस्वीकृत कर दिया, यह कहकर कि इससे भाजपा कार्यकताओं के बीच खराब संदेश जायेगा। शिवसेना (उद्धव) के मुखपत्र सामना में तो एक कार्टून छापा गया है जिसमें शाह के समक्ष शिंदे को गिड़गिड़ाते हुए दिखलाया गया है जिसमें शिंदे कह रहे हैं कि 'उन्हें इस पद पर 6 माह और रहने दिया जाये।' गुरुवार की शाम को मुम्बई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का जो आमंत्रण पत्र बांटा गया है, उसमें शिंदे का नाम गायब बताया गया। दिन भर उन्हें मनाने की तरकीबें आजमाई जाती रहीं। लोगों ने मान भी लिया; और संकेत भी यही बताते हैं कि वे उपमुख्यमंत्री बनें या न बनें, उनकी नाराजगी बनी रहेगी

क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री पद का स्वाद चख लिया है। वे यह भी जान गये हैं कि अगर वे फडणवीस के तहत उप मुख्यमंत्री बनते हैं तो उनकी गति भी अजित पवार जैसी ही होगी जो एक वक्त मुख्यमंत्री तो बनना तो चाहते थे लेकिन अब किसी भी तरह से मोल-भाव करने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिये उन्होंने अपने सांसद बेटे श्रीकांत को भी उप मुख्यमंत्री बनाने या खुद के केन्द्र में कोई पद लेने के प्रस्ताव को भी अस्वीकार कर दिया। शिंदे के 57 विधायक हैं और 7 सांसद लोकसभा में हैं। हालांकि उनके किये से केन्द्र की सरकार गिरने से रही और वहां वे कोई वैसा बड़ा खेल नहीं कर सकते जिस प्रकार से तेलुगु देसम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू या जनता दल यूनाइटेड के नीतीश कुमार कर सकते हैं जिनके क्रमशः 16 व 12 सदस्य हैं। शिंदे जो भी करेंगे महाराष्ट्र में कर सकते हैं इसलिये उन पर नजरें बनी रहेंगी।

भाजपा के लिये शिंदे की उपयोगिता खत्म हो चुकी है। शिवसेना सांसद संजय राउत के शब्दों में कहें तो एकनाथ शिंदे का युग बीत चुका है, अब वे कभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। अब भाजपा का प्रयास यही रहेगा कि पूर्ण बहुमत पाने के लिये 142 का आंकड़ा शिंदे की पार्टी को तोड़कर ही जुटाया जाये ताकि उसकी निर्भरता उनके साथ अजित दादा पर भी न रहे। अब शिंदे के पास भाजपा को समर्थन देने के अलावा और कोई चारा भी नहीं रह गया है। जिस प्रकार से महाराष्ट्र में तोड़-फोड़कर अनैतिक तरीके से सरकारें गिराई और बनाई जाती रहीं, उसका परिणाम यही होना था कि वहां फिर से सत्तारुढ़ हुए तीनों धड़ों में जीत के बावजूद गहरा अविश्वास कायम है। जिस लिहाज से प्रमुख मंत्रालयों (खासकर गृह, वित्त एवं शहरी विकास) पर खींच-तान जारी है, उससे साफ है कि महाराष्ट्र की नयी सरकार की राह कठिन रहेगी।

## गर्भावस्था के दौरान सामान्य एंटीसीजर दवा लेने से नुकसान नहीं- शोध

**नई दिल्ली। अमेरिकी** वैज्ञानिकों की एक टीम ने एंटी सीजर दवाओं लैमोट्रीजीन और लेवेतिरेसेटम को गर्भावस्था के दौरान उपयोग के लिए सुरक्षित माना है। मिर्गी के दौरान शरीर में अकड़न, कांपना, बेहोशी, बोलने में कठिनाई और अनैच्छिक मूत्र की समस्या पैदा होती है।

हालांकि, दवाइयों के इस्तेमाल से अधिकांश महिलाओं को सामान्य जीवन जीने में मदद मिलती है। लेकिन कुछ मामलों में, वे भ्रूण को नुकसान पहुंचा सकती हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने उन महिलाओं के बच्चों पर शोध किया है जिन्होंने मिर्गी के लिए एक या दो दवा का सेवन गर्भावस्था के दौरान किया।शोधकताओं ने मिर्गी से पीड़ित महिलाओं के 298 बच्चों और स्वस्थ महिलाओं के 89 बच्चों के बीच शोध किया। जेएएमए न्यूरोलॉजी में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, लैमोट्रीजीन और लेवेतिरेसेटम, वैल्प्रोएट जैसी पुरानी एंटीसीजर दवाओं का सुरक्षित विकल्प है। जो बच्चों में ऑटिज्म और कम आईक्यू के जोखिम को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य संज्ञानात्मक क्षमताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए जानी जाती हैं।

अमेरिकी वैज्ञानिकों की एक टीम ने पाया है कि छह साल के उन बच्चों में बोलने की क्षमता सामान्य थी जिनकी माताओं ने गर्भावस्था के दौरान एक या दोनों एंटी सीजर दवाओं का सेवन किया था

न्यूरोलॉजी और न्यूरोलॉजिकल विज्ञान के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक किमफोर्ड मीडोर ने कहा है कि लैमोट्रीजीन और लेवेतिरेसेटम के परिणाम बहुत अच्छे दिख रहे हैं। मेडोर ने कहा कि इन दवाओं को लेने के बाद मिर्गी से पीड़ित महिलाओं के बच्चों और स्वस्थ महिलाओं के बच्चों के परिणामों में कोई अंतर नहीं देखा गया है जो बहुत उत्साहजनक है। गर्भावस्था के दौरान जितना संभव हो सके दौरे को रोकना महत्वपूर्ण है, क्योंकि दौरे से मां और भ्रूण दोनों को नुकसान हो सकता है।

# धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका की भूमिका

-प्रियंका सौरभ

न्यायपालिका भारतीय संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के सिद्धांतों की रक्षा करते हुए धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालाँकि, यह कार्य ऐतिहासिक दावों को समकालीन अधिकारों के साथ संतुलित करने, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने, भावनात्मक संवेदनशीलता को सम्बोधित करने और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 जैसे कानूनी ढाँचों का पालन सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों से भरा है। ये जटिलताएँ संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए एक सावधान और निष्पक्ष दृष्टिकोण की माँग करती हैं। अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। अंग्रेजों का लक्ष्य भी भारत को कमजोर बनाकर यहां के संसाधनों का दोहन करना था। इसलिए उन्होंने भी भारत की सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने के लिए हर संभव प्रयास किए। आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं।



एक प्राचीन सभ्यता के तौर पर इनके बिना भारत की पहचान पूर्ण नहीं होती है। अयोध्या, काशी और मथुरा इसके कुछ उदाहरण हैं। सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। काशी, मथुरा,संभल और अजमेर दरगाह मामले में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने का प्रयास हो रहा है। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सम्बोधित करने में न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियाँ जैसे कानूनी ढाँचे में अस्पष्टता। हालाँकि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की 1947 वाली स्थिति को स्थिर करना है, लेकिन इसके प्रावधान अलग-अलग व्याख्याओं के लिए जगह छोड़ते हैं, जिससे इसका प्रवर्तन कमजोर होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद जैसे मुकदमों को अनुमति दी, अधिनियम की व्याख्या धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण की अनुमति देने के रूप में की। सदियों पुरानी शिकायतों पर दोबारा गौर करने से सांप्रदायिक तनाव बढ़ने, सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने और सामाजिक एकता को नुकसान पहुँचने का खतरा रहता है। धार्मिक विवादों में न्यायिक फैसले अक्सर राजनीतिक लामबंदी के उपकरण बन जाते हैं, जो न्यायपालिका की तटस्थता बनाए रखने की क्षमता को चुनौती देते हैं।

संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के साथ धार्मिक अधिकारों को संतुलित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है, खासकर जब निर्णयों को एक समुदाय के पक्ष में माना जाता है। विवादित धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों को अनुमति देना अधिनियम के मूल सिद्धांत को कमजोर करता है, जिससे पूजा स्थलों को लेकर भविष्य में संघर्षों के लिए एक मिसाल कायम होती है। संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने और धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है। न्यायपालिका अक्सर संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखने के लिए प्रतिस्पर्धी धार्मिक दावों को संतुलित करती है (अनुच्छेद 25-28)।

उदाहरण के लिए: एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994) में, सर्वोच्च न्यायालय ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान की एक बुनियादी विशेषता घोषित किया, जिसने धार्मिक मामलों में राज्य की निष्पक्षता को मजबूत किया। यह सुनिश्चित करता है कि धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) दूसरों के अधिकारों या सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करती है। न्यायालय ऐतिहासिक अभिलेखों और साक्ष्यों के माध्यम से धार्मिक स्थलों पर विवादों की जांच करते हैं, धार्मिक भावनाओं पर संवैधानिक सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अयोध्या विवाद (एम. सिद्दीक बनाम महंत सुरेश दास, 2019) में, सर्वोच्च न्यायालय ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रभावित पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करते हुए संतुलित फैसला देने के लिए ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों पर भरोसा किया। न्यायपालिका संवैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सांस्कृतिक या विरासत स्थलों के रूप में मान्यता प्राप्त धार्मिक संरचनाओं की सुरक्षा करती है।

अरुणा रॉय बनाम भारत संघ (2002) में, न्यायालय ने अनुच्छेद 51 ए (एफ) के तहत समग्र संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जो विरासत धार्मिक स्थलों पर विवादों में प्रासंगिक है। न्यायालय प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के साथ धार्मिक विवादों का निपटारा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी पक्षों को बिना किसी पूर्वाग्रह के सुना जाए। ज्ञानवापी मस्जिद-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद में न्यायपालिका ने साक्ष्यों के संग्रह और मूल्यांकन में प्रक्रियागत अनुपालन पर जोर दिया है, जिससे निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांतों को सुनिश्चित किया जा सके। धार्मिक स्थलों पर विवादों को सुलझाने में न्यायपालिका को संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सद्भाव सर्वोपरि रहे। पूजा स्थल अधिनियम के सिद्धांतों को सुदृढ़ करके, समय पर और निष्पक्ष निर्णय देकर और संघर्ष समाधान तंत्र को बढ़ावा देकर न्यायपालिका जनता का विश्वास बना सकती है और ऐतिहासिक शिकायतों को सामाजिक शांति को बाधित करने से रोक सकती है। भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा करने वाला भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण इसके विविध, बहुलवादी समाज में एकता बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

# जनजातीय जन-भागीदारी का अप्रतिम उत्सव



## पूरा भारत थिरकता नजर आया सांस्कृतिक यात्रा में

धनंजय चोपड़ा

**जनसंचार की दु**निया में जनजातीय संस्कृति का बहुत बड़ा स्थान है। हमारी वाचिक परंपरा जनजातीय संस्कार और सरोकार लेकर ही हम तक पहुंची है। यही वजह है कि हम सब अपनी जनजातीय संस्कृति और समाज के बिना अधूरे से हैं। और, शायद यही वजह है कि जब जब हम अपनी इस लोक संस्कृति की थाती से मिलते हैं तो ऊर्जा से भर उठते हैं। इसी एहसास से जोड़ने का काम किया पिछले दिनों लखनऊ में हुए भागीदारी उत्सव ने। उत्तर प्रदेश सरकार के जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव हमारी सामाजिक पुरोधा लोकनायक बिरसा मुंडा को समर्पित था। बड़ी बात यह है कि इस उत्सव ने न केवल जनजातीय लोक कलाकारों को एक मंच पर लाने का काम किया, बल्कि नई पीढ़ी को जनजातीय संस्कृति से बखूबी परिचित कराने में भी यह उत्सव सफल रहा।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आदिवासी वाद्य यंत्र पर थाप देकर जैसे ही इस उत्सव की शुरूआत हुई, वैसे ही संगीत नाटक अकादमी का परिसर लोक नृत्यों की थाप और लोक वाद्य यंत्रों के सुर-ताल के साथ झूम उठा। फिर शुरू हुई लखनऊ के 1090 चौराहे से भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा। इस शोभायात्रा में यदि जम्मू कश्मीर के मोंगों नृत्य के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे तो महाराष्ट्र के सोंगी मुखौटा नृत्य के कलाकार भी अपनी कला की छटा बिखेर रहे थे। यात्रा के दौरान राजस्थान का भपंग सुनाई दे रहा था तो तो उत्तर प्रदेश का बीन वादन सभी को थिरकने पर मजबूर कर दे रहा था। यात्रा में उड़ीसा, मध्य प्रदेश, सिक्किम, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, बिहार, केरल, झारखंड आदि प्रदेशों के कलाकार भी अपनी अपनी परिस्थितियों के साथ शामिल थे। रोचक बात यह कि हर कलाकार पूरे जोश के साथ अपनी कला को कुछ इस तरह प्रस्तुत कर रहा था कि हर कोई उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित हो जा रहा था। कुछ देर के लिए ऐसा लग रहा था कि पूरा भारत 1090 चौराहे पर थिरक रहा है।

भागीदारी उत्सव की विशेष बात यह थी कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के परिसर में शिल्प मेले का भी आयोजन किया गया था। इस मेले में भारत के कई प्रदेशों के कलाकार अपनी कारीगीरी का प्रदर्शन करने के लिए उपस्थित थे। जनजातीय कलाकारों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं और वस्त्रों के साथ विविध व्यंजन भी लोगों को आकर्षित कर रहे थे। मेले में कठपुतली का नृत्य भी हो रहा था तो पुराना बायस्कोप भी लोगों को भा रहा था। नई पीढ़ी के कई ऐसे दर्शन भी वहां मौजूद थे जिन्होंने पहली बार बायस्कोप देखा। छह दिनों तक चले इस मेले में प्रतिदिन लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होती थीं। भारत के विभिन्न प्रदेशों से आए जनजातीय कलाकारों के साथ जब स्लोवाकिया और वियतनाम के लोक कलाकारों ने मंच साझा किया तो भारत की वसुधैव कुटुंबकम नीति को चरितार्थ होते सभी ने देखा और अभिभूत हुए बिना नहीं रह सके।

भागीदारी उत्सव का सबल पक्ष यहां होने वाला विमर्श भी रहा। इन विमर्श के बहाने जनजातीय विकास और सांस्कृतिक-सामाजिक योगदान को बखूबी दोहराने का काम हुआ। बिरसा भगवान को याद किया गया और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। कह सकते हैं कि यह भागादारी उत्सव अपने आप में इस लिए सार्थक कहा जाएगा कि यह लोगों को अपनी जनजातीय थाती से जोड़ने में पूरी तरह सफल रहा।

# मानव जीवन में संगीत का महत्व

विजय गर्ग

संगीत कला का एक रूप है. जब विभिन्न प्रकार की ध्वनियों को एक साथ रखकर या मिश्रित करके एक नई ध्वनि बनाई जाती है जो मनुष्य को अच्छी लगती है तो उसे संगीत कहा जाता है। संगीत ग्रीक शब्द मूसिके से लिया गया है, जिसका अर्थ है संगीत की कला। म्यूज में प्राचीन ग्रीस में संगीत, कविता, कला और नृत्य की देवी शामिल थीं। संगीत में दो चीजें शामिल हैं, एक तो लोग गाते हैं, और दूसरा संगीत वाद्ययंत्रों की ध्वनि। संगीत बनाने वाले व्यक्ति को संगीतकार कहा जाता है। प्रत्येक ध्वनि को संगीत की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। ध्वनि शोर या संगीत हो सकती है। संगीत वह ध्वनि है जो मनुष्य के कान को तो अच्छी लगती है परंतु शोर नहीं। यह भी संभव है कि जो ध्वनि एक व्यक्ति के लिए संगीत हो, वह किसी अन्य व्यक्ति के लिए शोर हो।

उदाहरण के लिए, तेज रॉक संगीत या हिप-हॉप किशोरों या युवा पीढ़ी के लिए संगीत है लेकिन यह बुजुर्गों के लिए शोर है। संगीत की उत्पत्ति ऐसे कई सिद्धांत हैं जो बताते हैं कि संगीत की उत्पत्ति कब और कहाँ हुई। कुछ इतिहासकारों का मानना ??है कि संगीत उस समय से भी पहले अस्तित्व में था जब मनुष्य अस्तित्व में आया। उन्होंने संगीत को छह युगों में वर्गीकृत किया है। प्रत्येक युग को संगीत शैली में परिवर्तन के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। इन परिवर्तनों ने उस संगीत को आकार दिया है जिसे हम अब सुनते हैं।

पहला युग मध्ययुगीन या मध्य युग था। यह युग पॉलीफोनी और संगीत संकेतन की शुरूआत का प्रतीक है। मोनोफोनिक संगीत और पॉलीफोनिक संगीत दो मुख्य प्रकार के संगीत थे जो उस युग में लोकप्रिय थे।

इस युग में, नए उभरे ईसाई चर्चों ने विश्वविद्यालयों की स्थापना की, जिन्होंने संगीत की नियति तय की। यही वह समय था जब ग्रेगोरियन मंत्र नामक संगीत को एकत्रित और संहिताबद्ध किया गया था। उनके युग में ऑर्गेनम नामक एक नये प्रकार के संगीत का भी सृजन हुआ।

संगीत का महान नाम गुइलाउम डी मचौत इसी युग में प्रकट हुआ। इस युग के बाद पुनर्जागरण आया। पुनर्जागरण शब्द का शाब्दिक अर्थ पुनर्जन्म है। यह युग सीए 1420 से 1600 तक था। इस समय पवित्र संगीत चर्च की दीवारें तोड़कर स्कूलों में फैलने लगा। स्कूलों में संगीत रचा जाने लगा। इस युग में नृत्य संगीत एवं वाद्य संगीत बहुतायत में किया जाने लगा।

पुनर्जागरण काल ??के अंत में अंग्रेजी मेड्रिगल भी फलने-फूलने लगा। इस प्रकार का संगीत विलियम बर्ड, जॉन डाउलैंड, थॉमस मॉर्ले और कई अन्य लोगों द्वारा रचा गया था।

इसके बाद, बारोक युग आया जो सीए 1600 में



शुरू हुआ और 1750 में समाप्त हुआ। बारोक शब्द एक इतालवी शब्द बारोको से लिया गया है जिसका अर्थ विचित्र, अजीब या अजीब है। इस युग की विशेषता संगीत पर किये गये विभिन्न प्रयोग हैं। इस उम्र में वाद्य संगीत और ओपेरा का विकास शुरू हुआ। जोहान सेबेस्टियन बाख इस काल के महान संगीतकार थे।

इसके बाद शास्त्रीय युग आया जो मोटे तौर पर 1750 में शुरू हुआ और 1820 में समाप्त हुआ। संगीत की शैली बारोक युग के भारी सजावटी संगीत से सरल धुनों में बदल गई। पियानो संगीतकारों द्वारा उपयोग किया जाने वाला प्राथमिक वाद्ययंत्र था। ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना यूरोप का संगीत केंद्र बन गई। पूरे यूरोप से संगीतकार संगीत सीखने के लिए वियना आते थे। इस युग में जो संगीत रचा गया, उसे अब संगीत की विनीज शैली कहा जाता है।

अब रोमांटिक युग आया जो 1820 में शुरू हुआ और 1900 में समाप्त हुआ। इस युग में संगीतकारों ने अपने संगीत में बहुत गहरी भावनाएँ जोड़ीं।

कलाकारों ने संगीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करना शुरू कर दिया। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध की विशेषता स्वर्गीय रोमांटिक संगीतकारों की थी।

जैसे-जैसे सदी बदली, वैसे-वैसे संगीत भी बदला। अब आया बीसवीं सदी का संगीत. इस चरण की विशेषता कई नवाचार हैं जो संगीत में किए गए थे। नए प्रकार के संगीत का निर्माण हुआ। ऐसी प्रौद्योगिकियाँ विकसित की गईं जिससे संगीत की गुणवत्ता में वृद्धि हुई। संगीत का महत्व संगीत हमारे जीवन में सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। यह उससे कुछ अधिक है. संगीत हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।संगीत हमें रचनात्मक बनाता हैः संगीत रचनात्मकता की कुंजी है। संगीत हमारे दिमाग को बेहतर बनाता है। यह इसे और अधिक रचनात्मक और नवीन बनाता है। संगीत हमारे दिमाग को कला से भर देता है और हर महान आविष्कार के लिए कला, रचनात्मकता और कल्पना की आवश्यकता होती है। कभी-कभी ये क्षमताएँ संगीत द्वारा प्रदान की जाती हैं। संगीत हमारी समझने की क्षमता को बढ़ाता है।

उदाहरण के लिए, जब हम कोई गाना सुनते हैं तो हमें उसके बोल समझ में आते हैं। हम यह समझने की कोशिश करते हैं कि गायक अपने गीत के माध्यम से क्या कहना चाह रहा है। जब कोई व्यक्ति वाद्य संगीत सुनता है तो वह शब्दों का उपयोग किए बिना यह समझने के लिए अपने दाहिने मस्तिष्क का उपयोग कर रहा है कि संगीतकार अपने संगीत के साथ क्या कहना चाह रहा है।दूसरी ओर, जब हम कोई वाद्ययंत्र बजा रहे होते हैं, तो हम वह स्वर बजाते हैं जो हमारे विचारों और हमारी भावनाओं को दशार्ता है। इस प्रक्रिया में, हम बोलने की क्षमता का उपयोग किए बिना, केवल संगीत के साथ अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए अपने मस्तिष्क का उपयोग करते हैं। जब हम संगीत में अपने दिमाग का उपयोग करते हैं, तब हम संगीत के बारे में सोचते हैं, जब हम इसे समझने की कोशिश करते हैं तो यह हमारे दिमाग को और अधिक रचनात्मक बनाता है। और एक रचनात्मक दिमाग कई नई और उपयोगी खोजें कर सकता है।संगीत सीखने को अधिक मनोरंजक बनाता हैः याद रखने की क्षमता विकसित करने के लिए संगीत एक बहुत ही प्रभावी उपकरण है। हम सभी ने देखा है कि हम अपने पाठ्यक्रम को सीखने की तुलना में एक गाना बहुत आसानी से और तेजी से सीख सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारा मन संगीत का आनंद लेता है। हमारा मन जिस चीज का आनंद लेता है, उसे वह अपने पास रख लेता है। यह इस तथ्य से संबंधित हो सकता है कि जब भी हम अपने जीवन का आनंद लेते हैं तो वे क्षण हमारे दिमाग में हमेशा के लिए रह जाते हैं। इसलिए, जब हमें कुछ सीखना है तो हमें आनंद लेना होगा।

# अंतर्जनपदीय दो चोर गिरफ्तार, ढाई लाख रुपए नगदी, आभूषण, पिकअप बरामद

## चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** 15 दिन पहले कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित एक घर में ताला तोड़कर नगदी जेवरात

चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जाल बीछाकर घटना का खुलासा करते हुए दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए नगदी आभूषण व पिकअप बरामद कर जेल भेज दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि एसओजी, थाना कोतवाली नगर पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत महर्षि चौराहा के पास दौराने चेकिंग दो अंतर्जनपदीय चोर इरसाद पुत्र इसाक व उर्फ मुमताज अहमद निवासी पठान मोहल्ला आबूनगर थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर . रीशू पासवान पुत्र श्रीराम निवासी झाऊपुर पुलिया थाना राधानगर जनपद फतेहपुर को मय चोरी हुए माल मशरुका 2.5 लाख रुपये नगद व दो अदद अंगूठी पीली धातु व एक अदद गिलास सफेद धातु, एक अदद कटोरी सफेद धातु, एक अदद चम्मच सफेद धातु व तीन जोड़ी पायल सफेद धातु व आठ अदद विछिया सफेद व एक अदद कमर करधनी सफेद धातु व 10 अदद चाँदी का सिक्का व 08 जोड़ी कड़ा सफेद के साथ गिरफ्तार किया गया।



### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

निरीक्षक विनोद यादव प्रभारी एसओजी,
प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली नगर.निरीक्षक तारा सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, वरिष्ठ उ0नि0 अम्बरीश मिश्र, उ0नि0 वीरेन्द्र शुक्ला आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 22/23.11.2024 की रात्रि को श्रीमती चन्दा तिवारी पत्नी स्व० संतोष तिवारी निवासी 296, सिविल लाइन प्रेमदत्त तिवारी गली, थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर के घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरो का द्वारा घर की आलमारी में रखे आभूषण, जेवरात व नगदी चोरी कर लिया गया, वादिनी श्रीमती चन्दा तिवारी की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

## सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने रक्तदान कर दिया सद्भाव का संदेश





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । कां**ग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में रक्तदान अभियान चलाया गया। कौशांबी में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने रक्तदान कर भाईचारे का संदेश दिया।कौशांबी मे जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जिला हॉस्पिटल में स्थित ब्लड बैंक में जाकर रक्त दान किया ।

सर्वप्रथम ने अपना ब्लड दान किया उसके बाद उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू , मनोज सिंह पटेल, महासचिव कौशलेश द्विवेदी, दीपक पांडे बाबूजी, सेवादल के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला , युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, जिला सचिव फौजिया , राजभैया द्विवेदी , रजनीश चौधरी , शिवकुमार पासी , नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, ने एक एक कर सभी पदाधिकारियों ने रक्तदान किया । ब्लड बैंक सेंटर के प्रभारी द्वारा रक्तदान करने वाले सभी कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गाय । इसके बाद सभी कांग्रेसियों ने केक काटकर सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया ।

## जिलाधिकारी ने श्रृंगवेरपुर धाम का किया निरीक्षण

### धाम पर साफ सफाई दुरुस्त रखने का विभागीय अधिकारियों को दिया निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** सोमवार को शृंगवेरपुर धाम का औचक निरीक्षण करने पहुचे डीएम रवीन्द्र कुमार मदड इस दौरान उन्होंने गंदगी पर नाराजगी जताते हुए धाम पर साफ सफाई रखने का निर्देश दिया निषाद राज पार्क व महाकुंभ से शृंगवेरपुर धाम आने वाले तीर्थ यात्रियों दर्शनार्थियों व संत महात्माओं व आने वाले पर्यटकों को श्रृंगवेरपुर धाम में रुकने आदि की व्यवस्था परखी श्रृंगवेरपुर धाम को दिव्यता भव्यता व आकर्षक बनाने के साथ ही आने वाले तीर्थ यात्रियों दर्शनार्थियों व संत महात्माओं के साथ ही तीर्थराज प्रयाग में महाकुंभ के दौरान आने वाले पर्यटकों को श्रृंगवेरपुर धाम में भारी मात्रा में लाने और उनकी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डीएम प्रयागराज रवीन्द्र कुमार मादड़ ने श्रृंगवेरपुर धाम का निरीक्षण किया यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया डीएम ने औचक निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम श्री निषाद राज उद्यान का श्री रामघाट श्रृंगवेरपुर धाम का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश दुवेर्दी , अपर जिला अधिकारी प्रशासन , उप जिलाधिकारी सोराव योगेंद्र सिंह , ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह , खंड विकास अधिकारी लीलाधर शुक्ला , एसीपी सोराव जंग बहादुर यादव क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अपराजिता सिंह , यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक राजेश शर्मा सहित कई विभाग के कर्मचारी उपस्थित अधिकारी मौजूद रहे ।

## भारत सरकार से आग्रह किया की बांग्लादेश में रहे हिंदुओं को बांग्लादेश सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान करायी जाए - अखिलेश कुमार

**वाराणसी :-** बी एल डब्लू कैम्पस स्थित विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला कार्यालय पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद की नवनियुक्त वाराणसी जिलाध्यक्ष काशी में प्रथम आगमन होने पर सभी कार्यकताओं एवं पार्टी पदाधिकारी ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया

## हंडिया पुलिस के हत्थे चढ़ा वारण्टी, भेजा गया जेल

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया । हंडिया कोत**वाली पुलिस वारंटी की तलाश में सोमवार को चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम के निर्देश पर चौकी प्रभारी बरौत सौरभ पाण्डेय अपने हमराहियों के साथ वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान न्यायालय द्वारा वारंटी चल रहे अभियुक्त रमाकान्त उर्फ उमाशंकर पुत्र झारी भुजवा निवासी सदरेपुर थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम सदरेपुर से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।










### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज ।** थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित 2 वारण्टी अभियुक्त राममूरत उर्फ नेपाली . गुलाब पुत्रगण भागीरथी निवासी ग्राम सोरो , वारण्टी अभियुक्त लल्लन सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम पैगुआ थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत उनके निवास ग्राम सोरो व पैगुआ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### मऊआइमा पुलिस द्वारा वारण्टी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त शिवबहादुर पुत्र पन्ने लाल निवासी ग्राम तेजपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम तेजपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। जिलाधिका**री मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मुख्य देय एवं विविध देय वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर0सी0 वसूली की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति लाएं जाने के लिए सभी उप जिलाधिकारियों को आर0सी0 वसूली में प्रगति तथा तहसील के बडे बकायेदारों की आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डियों में प्रवर्तन की कार्यवाही में और प्रगति लाने के लिए उप जिलाधिकारियों को सभी मण्डियों में प्रवर्तन के कार्यों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्हांने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पयासी का पूरा की श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे जय कन्हैया लाल की ...





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। नवाबगंज क्षेत्र के** पयासी का पूरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के पाचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव पर उल्लास के साथ दर्शकों की मस्ती ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जय कन्हैयालाल की, हाथी घोड़ा पालकी की गूंज और फूल मालाओं की बरसात काफी देर तक चलती रही। कथाक्रम में सोमवार को कन्हैया का जन्मोत्सव दिवस था।

प्रसिद्ध कथावाचक करुणा शंकर ओझा कमल महराज ने भक्त प्रहलाद की कथा, गजउद्धार की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा में सीख दी कि मानव जीवन बड़ी मुश्किल और बड़े सौभाग्य से मिलता है। इसका सार्थक तरीके से उपयोग करें। कहा, संयम, नियम और जप तप का बड़ा महत्व है। इसकी उपयोगिता को समझना बड़ा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए।

### प्रसिद्ध कथावाचक करुणा शंकर ओझा कमल महराज ने भक्त प्रहलाद की कथा, गजउद्धार की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा में सीख दी कि मानव जीवन बड़ी मुश्किल और बड़े सौभाग्य से मिलता है। इसका सार्थक तरीके से उपयोग करें। कहा, संयम, नियम और जप तप का बड़ा महत्व है। इसकी उपयोगिता को समझना बड़ा जरूरी है

पारायण करने वाले में आचार्य बृजेंद्र मणि, मुनेश्वर त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, सूर्यकांत मिश्र और मुख्य यजमान चंद्र भूषण मिश्र रहे। आयोजकों में अभिषेक मिश्रा, संदीप मिश्रा, लाल जी मिश्रा, दीपमाला आदि की प्रमुख भूमिका रही। प्रवीण तिवारी, राधेश्याम शुक्ल, संजीव मिश्र, राकेश पाण्डेय, विनोद कुमार ओझा, जगदीश नारायण मिश्रा, अरविंद मिश्र, संतोष मिश्रा, अनिल कुमार, राजन द्विवेदी, राजेश मिश्र, विजय शुक्ल, नीरज तिवारी, साधना, कल्पना, विनीता, आशा, वंदना देवी आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

# राजकीय जैसी सेवा सुरक्षा की मांग

## एकजुट ने डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन

### संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने बोर्ड परीक्षा- 2025 की विसंगतियों को दूर करने की मांग



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रांतीय आह्वान पर संगठन के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह के नेतृत्व में जनपद के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने संगठन के विगत नवंबर माह में जनपद बस्ती में संपन्न हुए प्रांतीय अधिवेशन में पारित छह प्रस्तावों सेवा सुरक्षा एवं राजकीय करण, पदोन्नति, सिटीजन चार्टर, ठडउ रहित ऑनलाइन स्थानांतरण, प्रधानाचार्य की भर्ती लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर, एवं वित्तविहीन शिक्षकों को धारा- 7(4) से आच्छादित करते हुए एक सेवा नियमावली बनाए जाए से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तथा बोर्ड परीक्षा के घोषित टाइम टेबल में व्याप्त तमाम विसंगतियों के संबंध में सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से सौंपा गया कि बोर्ड परीक्षा के टाइम टेबल में व्याप्त विसंगतियां शीघ्र अतिशीघ्र दूर की जाए । दो विषयों की तिथियां के मध्य में पर्याप्त गैप होना चाहिए। इसके साथ ही जनपद स्तर की शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याएं जो डीआईओएस पर सालों से लंबित पड़ी है उसके संबंध में भी डीआईओएस को पत्र दिया गया कि जनपद स्तरीय समस्याओं का निस्तारण शीघ्र अति शीघ्र किया जाए ताकि शिक्षक पठन-पाठन एवं अन्य गतिविधियां स्वतंत्र मस्तिष्क से अपने-अपने विद्यालय में संपादित कर सकें। समस्याओं का समाधान न होने से शिक्षक लगातार कार्यालय को चक्कर काट रहे हैं और उसे समस्या का समाधान नहीं मिल पा रहा है जिससे विद्यालयों में पठन पाठन काफी प्रभावित होता है। स्थानीय समस्याओं का समाधान न होने से शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है । एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरिप्रकाश यादव ने कहा कि सरकार माध्यमिक छात्रों तुलना सीबीएसई आईसीएसई पैटर्न से करती है लेकिन यह भूल जाती है कि सीबीएसई आईसीएसई जैसी सुविधाएं माध्यमिक विद्यालय में छात्रों और अध्यापकों को मिलती हैं अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं मात्र 12 कार्य दिवसो में संपादित की जा रही है वहीं अन्य बोर्डों की परीक्षाएं 40 से 45 दिन में संपन्न हो रही हैं। यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को मशीन बना दिया गया है। परीक्षा के दौरान दो विषयों के बीच में पर्याप्त समय तैयारी के लिए नहीं मिल पा रहा है यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों के साथ यह अन्याय हो रहा है। यदि सन्गठन की 6 सूत्रीय मांगों का समाधान नही होगा ,तो आगामी 10 फरवरी 2025 को शिक्षा निदेशालय लखनऊ का प्रदेश के हजारों शिक्षकों के साथ घेराव किया जाएगा।।

प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश के अशासकी अशासकीय विद्यालयों का राजकीयकरण , ठडउ रहित ऑनलाइन स्थानांतरण नीति सरकार जल्द से जल्द लागू करें अन्यथा प्रदेश नेतृत्व सरकार के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा । प्रदेश मंत्री तीर्थराज पटेल ने कहा कि 1 अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन से अच्छादित शिक्षकों का पैनल जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रयागराज से अतिशीघ्र भेजने का कार्य किया जाए जिससे 31 मार्च 2025 के पूर्व कार्रवाई हो सके ।

प्रदेशीय आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम 2023 में धारा 21 ,18 एवं 12 की सेवा सुरक्षा पुनः बहाली, प्रोन्नति, कार्यवाहक प्रधानाचार्य एक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए । जिला अध्यक्ष देवराज ने अपने वक्त में कहा कि सिटीजन चार्टर्ड लागू किया जाए तथा सभी कार्यालयों में सीसी कैमरे लगवाए जाएं । जिला मंत्री डीपी यादव ने कहा कि यदि जनपद स्तरीय समस्याओं का निस्तारण अतिशीघ्र नहीं हुआ तो एकजुट संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रयागराज के सामने विशाल धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश पासी, प्रदेश मंत्री संदीप शुक्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद जावेद, मंडल अध्यक्ष मिथलेश मौर्य, मंडल मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह, लालमणि यादव, आशीष गुप्ता ,डॉ राजेश सिंह, डॉ गार्गी श्रीवास्तव, विजय प्रकाश विद्रोही, राजेश कुशवाहा, प्रदीप कुमार, राकेश यादव, अजय विश्वकर्मा, अनुभान सिंह, राकेश , विकास, वीरेंद्र कुमार कुशवाहा राकेश कुमार, विजय यादव, महेंद्र मौर्य, प्रकाश चंद्र जायसवाल, शैलेंद्र सरोज, देवेंद्र प्रताप सिंह, आकांक्षा कुशवाहा, शांति प्रसाद विश्वकर्मा, अरुण कुमार सिंह ,अरुण कुमार, अनिल भारती, दिनेश यादव, प्रताप बहादुर वर्मा, सुरेश यादव, देवेश मौर्य, अशोक पटेल, सुरेंद्र सिंह रूपचंद गौतम राजीव रंजन पटेल, अजय सिंह, साहब लाल, अनिल कुमार सरोज, श्रीमती कृष्णा कुमारी, सुरेंद्र कुमार सिंह, धनंजय सिंह, अतुल सिंह, विजय प्रकाश विद्रोही, ओम प्रकाश, राम मनोहर यादव, नरसिंह, राम अभिषेक सिंह, रामसागर मौर्य, दिवाकर सिंह, विनोद कुमार सिंह, आदि सैकड़ो शिक्षक साथी उपस्थित रहे ।

# परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है - डॉ. पंकज

## जैनस इनीशिएटिव्स ने मेधावी छात्र छात्राओं को प्रदान की छात्रवृत्ति




**बहराइच। जीवन में मेहनत, हिम्मत और लगन से** बड़ी से बड़ी कल्पना साकार होती है। सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता। यह बात सृजन संस्था हेमरिया गांव टिकोरा मोड़ बहराइच में जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए कही अपने संबोधन में आगे कहा कि परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है।

छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को ?12000 सालाना स्कॉलरशिप 3 वर्षों तक दिया जाता है। मुख्य अतिथि नगर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में जरूरत मंद लोगों को ऐसी योजना जो अपने बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक मदद मिल रही है या एक सराहनीय कार्य है। परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ एस के वर्मा ने कहा कि बच्चे इस स्कॉलरशिप के महत्व को समझें और अच्छी पढ़ाई कर उच्च पद पर अग्रसर हो आगे चलकर वह भी ऐसे किसी की जरूरतमंद की सहायता करें गायत्री तिवारी आदर्श सिंह आराध्या सिंह, अवंतिका मिश्रा, शिखा शर्मा को सर्टिफिकेट एवं स्कॉलरशिप का चेक दिया गया इसके साथ साथ जैनस इनीशिएटिव्स के साथ सामाजिक कार्य में सहयोग करने विभिन्न सामाजिक संगठन एवं पत्रकार वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं संदीप अग्रवाल को डॉ पंकज ने सम्मानित किया साथ ही मुख्य अतिथि अनुपमा जयसवाल को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में आशीष अग्रवाल, अनुज श्रीवास्तव, निशा शर्मा जिला पंचायत सदस्य गंगू राम निषाद,वीरेंद्र श्रीवास्तव, संदीप अग्रवाल,हीरू श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव पंकज सिन्हा, अनन्या, तोषी, शालिनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## हाईवे पर लूट, टप्पेबाजी, चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश

### पुलिस के हत्थे चढ़े 7 बदमाश, 86,500 रुपए, दो तमंचा,चार बाइक बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। खागा पुलिस ने** हाइवे पर लूट, चोरी व टप्पेबाजी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए सात अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनके कब्जे से 86,500 रुपए नकद, चोरी, लूट का सामान, दो तमंचा, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त चार मोटर साइकिल बरामद किया है। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय रहकर कई वारदातों को अंजाम दे चुका है।
पुलिस का दावा है कि चेकिंग के दौरान यह कामयाबी मिली है। पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्तों में कासिम अली पुत्र सत्तार निवासी ग्राम करसुआ थाना खागा जनपद फतेहपुर, सुहैल उर्फ साहिल पुत्र मुस्तकीन उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम दरियापुर थाना हथगांव हालपता ग्राम करसुआ थाना खागा जनपद फतेहपुर, अशोक पुत्र शिवमोहन निवासी शाहपुर थाना हथगांव जनपद फतेहपुर, शेरखान मोहम्मद पुत्र भोला निवासी करसुआ थाना खागा जनपद फतेहपुर, अब्दुल पुत्र कल्लन निवासी करसुआ थाना खागा जनपद फतेहपुर, सक्षम गुप्ता पुत्र हरि नारायण गुप्ता निवासी सरार्फा बाजार थाना खागा जनपद फतेहपुर और कल्लू पुत्र राजबहादुर निवासी सेमरहा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर शामिल हैं। इनके पास से चोरी हुए 86,500 रुपये नगद तथा गैस सिलेण्डर, एक नोकिया मोबाइल फोन, एक सोने का लाकेट व एक जोड़ी चाँदी की पायल, दो तमचा 315 बोर व तीन कारतूस के अलावा घटना में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

## विद्यालय को एडेड कराने के नाम पर आठ लाख रुपए की ठगी

### कोर्ट के आदेश पर थाना दरगाह में महिला समेत दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बहराइच।** शहर के मोहल्ला गुलामअली पुरा निवासी एक युवक ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में औरैया और बलिया निवासी महिला समेत दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। दरगाह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलामअलीपुरा निवासी राहुल कुमार कश्यप पुत्र अशोक नहीं हुई।

## खेल से होता है बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास - मारिया शाह

### प्लेडेज प्री स्कूल की ओर से वार्षिक स्पोर्ट्स मीट जोश में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए मनभावन कार्यक्रम, विधायक मटेरा ने किया प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन




**बहराइच। शहर के मोहल्ला कानूनगोपुरा उत्तरी स्थित** प्लेडेज प्री स्कूल की ओर से इन्दिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को वार्षिक स्पोर्ट मीट जोश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मटेरा मारिया शाह उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक तथा बौद्धिक दोनों विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, फ्लैग मार्च, पीटी आदि के मनभावन आयोजन किये गए। साथ ही साथ खेलकूद में रैबिट रेस, कलेक्ट द बाल, कलेक्ट व लेटर, फाग रेस, बैलून रेस, बाल शॉट आदि बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता को बढ़ाने सम्बन्धित खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया और विद्यालय की अग्रेतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर एवं सिटी माण्टेसरी ग्रुप ऑफ स्कूल्स ट्रस्ट के ट्रस्टी शाश्वत जोशी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संचालित प्लेडेज प्री स्कूल नयी टेक्नोलॉजी पर आधारित एवं यूएसए बेस्ड शिक्षा प्रदान करता है। यह शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय नित्य प्रति नये नये आयामों के साथ बच्चों के विकास हेतु कटिबद्ध रहेगा।इस अवसर पर विद्यालय की सह प्रबन्धक प्रवृत्ति जोशी, प्रधानाचार्या कविता सिंह, शिक्षिकाएं श्रुति गुप्ता, सारिका, आरिफा, तृप्ति दूबे, काजल, आशीष मिश्रा, पुलकित शर्मा, राहुल त्रिपाठी विद्यालय के संरक्षक राम अचल सिंह सेंगर, सिटी माण्टेसरी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य आरपी पाण्डेय, इन्दल पाठक, केके यादव, मायाशंकर जोशी, रवि जोशी आदि एवं विद्यालय का अभिभावक, बच्चे आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत और संस्कार हम भारतीय लोगों के रक्त में हैं - प्रोफेसर रविशंकर पाण्डेय

**वाराणसी :- सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में आयोजित संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन रहा जिसमें विश्वविद्यालय के अनेक छात्र- छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और इस प्रशिक्षण शिविर से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए` शिविर में संस्कृत प्रशिक्षक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवि शंकर पांडेय ने कथा कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित किया और कहां कि संस्कृत और संस्कार तो हम भारतीयों के रक्त में है केवल आवश्यकता इस बात की है कि हमारी वाणी में भी संस्कृत हो` कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र की निदेशक प्रोफेसर विधु द्विवेदी ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में विश्वविद्यालय के किसी भी कक्षा के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं अतः आप लोग इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और संस्कृत संभाषण का अभ्यास करें इसका आप सभी को लाभ मिलेगा



कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के शिक्षक डॉ संदीप शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय पांडेय ने किया उपस्थित जन कार्यक्रम में अखिलेश कुमार मिश्रा,विष्णु पटेल ,डॉक्टर कंचन पाठक,अरुण पांडेय, अंजू देवी,अंजली कुमारी की उपस्थिति रही

## प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किए गए किसान पीजी कॉलेज के 6 एनसीसी कैडेट्स

**बहराइच। पूर्व सांसद** बृजभूषण शरण सिंह की ओर से अपने बहराइच सिविल लाइंस स्थित आवास पर शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में किसान पीजी कॉलेज के 6 एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। बाद में इन एनसीसी कैडेट्स को किसान पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने भी शाबाशी दी।उन्होंने बताया कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स पर्यावरण जागरूकता नशा उन्मूलन समेत सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहते हैं आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन का विभिन्न मामलों में सहयोग भी करते हैं।मेजर डॉ सिंह ने बताया कि बीते दिनों होमगार्ड की हड़ताल के दौरान यातायात नियंत्रण के लिए भी जिला प्रशासन के बुलावे पर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने अपना योगदान दिया उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को तरसते में कॉलेज के पंकज सिंह का विशेष योगदान रहा है उनके योगदान का परिणाम है कि आधा दर्जन से अधिक एनसीसी कैडेट एस आइटीबीपी तथा आर्मी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं इस मौके पर कॉलेज के कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह,एनसीसी के पंकज सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर

## इटहा गांव में मिले दो बंदरों की शव पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**बहराइच। था**ना कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इटहा में बंदरों के दो शव पाए जाने से सनसनी फैल गई। जागरुक ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बंदरों के शवों को लाल कपड़े में लपेटकर अंतिम संस्कार कर दिया।कोतवाली नानपारा अंतर्गत इटहा ग्राम पंचायत में अज्ञात कारण से दो बंदर की मौत होने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह ने लाल वस्त्र मंगाकर दोनों बंदरों का सम्मानपूर्वक दाह संस्कार करवाया गया।इटहा गांव के आम के बाग में हुई बंदरों के मौत के मामले में ग्राम प्रधान से प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर भी मांगी है।प्रभारी निरीक्षक नानपारा के इस संवेदनशील मौके पर दिखाई गई समझदारी और संवेदनशील व्यवहार की हर ओर सराहना की जा रही है। पुलिस की सक्रियता से किसी भी वर्ग को राजनीति की रोटी सेंकने का मौका नहीं मिल पाया।

## शादी अनुदान योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बहराइच। वित्तीय वर्ष 2024-25 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य** पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना हेतु बीस हजार रुपए के अनुदान का प्राविधान है। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर शादी की तिथि से 03 माह पूर्व अथवा 03 माह पश्चात तक आवेदन कर सकते हैं।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**
**सैनी / कौशाम्बी।**
**ते**ज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तेज रफ्तार बाइक सवारों को टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई,वही दूसरा युवक उछलकर रेलवे लाइन पर गिर गया,जहा उसकी मौत हो गई,घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। सोमवार की देर रात सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार दो यूवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई,बाइक सवार एक की ओवर ब्रिज पर तो दूसरे युवक की जोरदार टक्कर लगने के बाद ओवर ब्रिज से नीचे रेलवे लाइन में गिरने से मौत हो गई,हादसे के बाद स्कॉर्पियो छोड़कर स्कार्पियो चालक फरार हो गया।घटना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सिसैया चूरामणि में संतृप्तिकरण शिविर आयोजित

**बहराइच।** जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिकासंचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत शुक्रवार को औराही कलस्टर से सम्मिलित ग्राम पंचायत औराही, सिसैया चूरामणि, पूरे प्रसाद सिंह व पूरे सीताराम हेतु ग्राम पंचायत सिसैया चूरामणि में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 596 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 63 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 133 लोगों की आभा आई.डी., किशोर/किशोरी कार्यक्रम अन्तर्गत 176 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फेलिक एसिड का वितरण, हंस मेडिकल के सहयोग से मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 96 लोगों का उपचार, 62 को चश्मा वितरण, 23 गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण, 70 वर्ष से अधिक आयु के 108 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड, 07 टी.बी. रोगियों को गोद लेने के साथ पोषण किट वितरण, 03 कुष्ठ रोगी को जूते का वितरण, कन्या सुमंगला योजना से 02 को आच्छादित किये जाने के साथ-साथ 10 बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया।
शिविर के दौरान हेल्पडेस्क के माध्यम से 252 व पिंक बूथ द्वारा 154 लोगों को स्टालों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा कन्या सुमंगला व आधार पंजीकरण के सम्बन्ध में 87 आवेदन प्राप्त किये गये। शिक्षा विभाग द्वारा 154 अभिभावकों को डी.बी.टी. व एमडीएम के बारे में जानकारी दी गई तथा 21 लोगों के आधार बनाये गये। आयावृत बैंक द्वारा 29 व इण्डियन बैंक द्वारा 35 लोगों को लाभान्वित किया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रम योगी मन धन योजना से 10 तथा विद्युत विभाग द्वारा 05 लोगों को लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा फार्म रजिस्ट्री, ई-केवाईसी व पी.एम. किसान योजना से 338 कृषकों लाभान्वित किया गया।
संतृप्तिकरण शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा निर्विवाद वरासत, आईजीआरएस, धारा-24, आय, जाति, निवास, अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री, खसरा-खतौनी व घरौनी योजना से 347 लोगों को लाभान्वित किया गया।
आपूर्ति विभाग द्वारा 86, जल निगम द्वारा 168 लोंगो को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया गया। विकास खण्ड द्वारा द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, फैमली आईडी, आयुष्मान कार्ड व स्वच्छ शौचालय योजना से सिसैया चूरामणि के 52, औराही के 42, पूरे प्रसाद सिंह के 16 व पूरे सीताराम के 25 लोगों को लाभान्वित किया गया। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवासीय योजना से सम्बन्धित 140 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये।

## विविधा '24' का भव्य समापन: 50 कॉलेजों और 600 छात्रों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

**वाराणसी :-** सनबीम कॉलेज वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय अंतर-कॉलेज युवा महोत्सव "विविधा'24" का आज भव्य समापन हुआ यह महोत्सव वाराणसी के 50 प्रतिष्ठित कॉलेजों और 600 से अधिक छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा का साक्षी बना` विविधा'24 ने शिक्षा,कला,संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया इस महोत्सव में गायन,वाद-विवाद,पेंटिंग, परिधान डिजाइन,वेब डिजाइन, नृत्य और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया` प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया` बीएचयू,महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,एसएमएस,अशोका इंस्टीट्यूट,शेपा और अन्य प्रमुख कॉलेजों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं को चेयरमैन डॉ.दीपक माधोक,वाइस चेयरपर्सन श्रीमती भारती माधोक और असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती प्रतिमा गुप्ता और रजिस्ट्रार श्री संदीप मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया गया महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित खिताब "युवा आइकन 2024" इस वर्ष सनबीम कॉलेज फॉर वीमेन,भगवानपुर की प्रतिभाशाली छात्रा सुश्री प्रियांशी सिंह को प्रदान किया गया उनके नेतृत्व,रचनात्मकता और अनुकरणीय प्रदर्शन ने उन्हें




इस गौरवपूर्ण उपाधि का विजेता बनाया` इस दो दिवसीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में सनबीम ग्रुप के चेयरमैन डॉ.दीपक माधोक,वाइस चेयरपर्सन श्रीमती भारती माधोक और असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती प्रतिमा गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन कर महोत्सव की गरिमा को बढ़ाया` डॉ.दीपक माधोक ने अपने संबोधन में कहा: "विविधा'24 केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और समाज में अपनी पहचान बनाने का एक मंच है` यह महोत्सव हमारे छात्रों के भविष्य निर्माण का आधार है श्रीमती भारती माधोक ने कहा: "यह महोत्सव छात्रों की रचनात्मकता और उनके भीतर छुपी प्रतिभाओं को बाहर लाने का अवसर देता है ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं" श्रीमती प्रतिमा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा "विविधा'24 ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि युवा किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं यह आयोजन छात्रों के समर्पण और मेहनत का प्रमाण है
सनबीम कॉलेज के इस आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि यह संस्थान शिक्षा और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है

## भाजपा के पूर्व विधायक श्याम देव राय चौधरी के त्रयोदशाह मे सपा नेता भी पहुंचे



**वाराणसी :-** भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व विधायक श्याम देव राय चौधरी के त्रयोदशाह मे सपा नेताओ ने भी पहुंचकर उपस्थिती दर्ज कराई ` पूर्व विधायक श्याम देव राय चौधरी के त्रयोदशाह कार्यक्रम मे नई सड़क स्थित सनातन धर्म इन्टर कालेज मे सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा "विश्वकर्मा" समेत सपा नेताओ का जमावड़ा रहा

## सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिपः आर.बी. अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण सहित जीते 6 पदक

एजेंसी

**वाराणसी।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में 7 और 8 दिसंबर 2024 को आयोजित सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में कानीनजुकु आर.बी.मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों 6 पदक जीते, जिनमें 1 स्वर्ण और पांच रजत पदक शामिल हैं। चैंपियनशिप में वाराणसी कराटे टीम की ओर से अकादमी के 8 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप में आरुष देव वर्मा ने कुमिते में स्वर्ण जीता, जबकि वेदान्त मिश्रा ने काता में, आरुषि वर्मा, अदिति अहरवार,आयुष मौर्य और देवेन्द्र राय ने कुमिते में रजत पदक जीता। अकादमी के कोच अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि आरुष देव वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश सब जूनियर कराटे टीम हुआ है और वे राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता खेलने दिल्ली जायेंगे। अरविन्द ने यह भी बताया कि 6 दिसंबर को रैफरी, जज और कोच के लिए सेमिनार और परीक्षा का आयोजन भी कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें एकेडमी के सीनियर ने भी हिस्सा लिया। जिसमें सेंसेई निमेष सिंह ने रैफरी बी., सेंसेई अभिषेक चौरसिया और सेंसेई विमलेश यादव ने जज बी. और सेंसेई आदर्श सोनकर ने कोच की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## भारतीय सेना ने पुंछ में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग का किया आयोजन

**पुंछ।** उत्साही जयकारों के बीच सेरी ख्वाजा फुटबॉल ग्राउंड में हरिबुद्ध फुटबॉल लीग की शुरुआत हुई। स्थानीय युवाओं के लिए हरिबुद्ध गांव में भारतीय सेना द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में स्थानीय गांवों की 6 टीमें भाग लेंगी जो चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फुटबॉल लीग का आयोजन 07 और 08 दिसंबर 2024 को किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन आस-पास के गांवों के बुजुर्गों और प्रमुख हस्तियों द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और उन्हें अपराध और ड्रग्स जैसी कुप्रथाओं में शामिल होने से रोकना है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। मैचों में क्षेत्र की कई प्रभावशाली हस्तियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों और गणमान्य लोगों ने इस आयोजन के आयोजन और क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए भारतीय सेना के प्रयासों की बहुत सराहना की।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024: गुकेश ने सफेद मोहरों के साथ डिंग को हराया, 6-5 की ली बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर के डी गुकेश ने सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 11 वें दौर के बाद गुकेश ने 1 अंक की बढ़त ले ली है, उनके 6 अंक हो गये हैं, जबकि लिरेन के 5 अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले साढ़े सात अंक बनाएगा वो चैंपियनशिप जीतेगा। सफेद मोहरों के साथ जीत दर्ज कर चैंपियनशिप फाइनल में पहली बार गुकेश ने बढ़त बना लिया। भारतीय ग्रैंड मास्टर को सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने के लिए शेष तीन राउंड ड्रा करने की जरूरत है। चैंपियन डिंग ने अपने 28वें चाल में गलती की और गुकेश की जीत पक्की हो गई। उन्होंने अपनी रानी को सी8 में खींच लिया और प्रभावी रूप से खेल को अपने प्रतिद्वंद्वी के नाम कर दिया। 11 वें राउंड की शुरुआत दोनों ने एक रेटी ओपनिंग सिस्टम खेलने के साथ शुरू किया। गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के गेम 11 में अपने 11 वें कदम पर एक घंटा बिताया। एक समय गुकेश नो सिर्फ आठ चालों के बाद एक घंटे और सात मिनट के समय का लाभ उठाया था। इसका कारण यह है कि डिंग लिरेन ने सिर्फ पांच चालों पर अपना पहला घंटे इस्तेमाल किया।

## गवर्नर-इलेवन ने सद्भावना क्रिकेट कप जीता, मुख्यमंत्री ने बांटे पुरस्कार

**शिमला।** हिम स्पोर्टस एण्ड कल्चरल एसोशिएसन द्वारा बीसीएस शिमला में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित सद्भावना क्रिकेट कप में गवर्नर-इलेवन की टीम ने जीत दर्ज की। विवेक भाटिया और आबिद हुसैन सादिक को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। फाइनल मैच में गवर्नर-इलेवन टीम ने चीफ जस्टिस-इलेवन की टीम को 32 रनों से हराया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज के मैन ऑफ द मैच विवेक भाटिया तथा पिछले कल गवर्नर एवं प्रेस के बीच खेले गए मैच के मैन ऑफ द मैच आबिद हुसैन सादिक तथा चीफ जस्टिस-इलेवन एवं सीएम-इलेवन के बीच खेले गए मैन ऑफ द मैच विकास भारद्धाज को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सद्भावना क्रिकेट कप के माध्यम से नशे के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता से नशे की बुराई पर अंकुश लगाने के लिए कार्य कर रही है। इस दिशा में खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। गवर्नर-इलेवन ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। विवेक भाटिया ने 99 रन बनाकर नाबाद रहते हुए शानदार पारी खेली, जबकि आबिद हुसैन ने 82 रनों का योगदान दिया। चीफ जस्टिस-इलेवन की ओर से सुभाष रतन और विकास भारद्वाज ने एक-एक विकेट लिए।

# महिला एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा : नेहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में ओडिशा वॉरियर्स की कप्तानी कर रहीं नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए उद्घाटन एचआईएल को एक बड़ा मंच करार दिया। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी में इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं।नेहा ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम वर्षों से इस तरह के मंच की प्रतीक्षा कर रहे थे, और अब जब यह अंततः यहाँ है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीज़न में आगे नहीं बढ़ पाए और उन्हें कड़ी मेहनत करने और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाने की प्रेरणा मिलेगी।



मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट है, और दबाव की भावना होने के बावजूद, मैं चुनौती को लेकर उत्साहित हूं। मैं कुछ समय तक भारतीय सेटअप का हिस्सा रही हूं, इसलिए मुझे पता है कि जरूरत पड़ने पर कैसे आगे बढ़ना है। मैंने हमेशा नेतृत्व की भूमिकाएँ स्वीकार की हैं, चाहे वह अपने साथियों का मार्गदर्शन करना हो या मैदान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो। हमारी टीम अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से भरी है, इसलिए मुझे उन्हें ज्यादा कुछ बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरा लक्ष्य उदाहरण के साथ नेतृत्व करना और अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ लाना है। अपनी शादी सहित हालिया व्यक्तिगत मील के पत्थर के बावजूद, नेहा अपनी पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को संतुलित करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, मैं अपने जीवन के दोनों पहलुओं का प्रबंधन वर्षों से करती आ रही हूँ। मेरी शादी से खेल के प्रति मेरा दृष्टिकोण नहीं बदलेगा। मेरे पति अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं और समझते हैं कि हॉकी मेरे लिए कितना मायने रखती है। इसलिए, अभी मेरा एकमात्र ध्यान एचआईएल पर है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं। एचआईएल नीलामी में, नेहा को 10 लाख रुपये में खरीदा गया, जो खेल में उनके बहुमूल्य योगदान का प्रमाण है। हालाँकि उन्होंने यह तय नहीं किया है कि पैसे का उपयोग कैसे किया जाए, वह युवा एथलीटों के विकास में योगदान देने की उम्मीद करती हैं।

## आसियान चैम्पियनशिप 2024: कंबोडिया और मलेशिया के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रा



एजेंसी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने नोम पेन्ह के ओलंपिक स्टेडियम में 2024 आसियान चैम्पियनशिप ग्रुप ए के उद्घाटन फुटबॉल मैच में मलेशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। मलेशिया ने 35वें मिनट में मिडफील्डर स्टुअर्ट विल्किन के गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन कंबोडिया ने दूसरे हाफ में अब्देल कादर कूलिबली के गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद टाई सा ने कंबोडिया को एक घंटे के अंदर दूसरा गोल कर बढ़त दिला दी।हालांकि, 74वें मिनट में फर्गस टियरनी ने बराबरी का गोल करके मलेशिया को हार से बचाया।

फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 180वें स्थान पर है, जबकि मलेशिया 132वें स्थान पर है। 2024 आसियान चैंपियनशिप 5 जनवरी, 2025 तक चलेगी। कंबोडिया को मलेशिया, सिंगापुर, ईस्ट तिमोर और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

## बोटाफोगो ने तीसरी बार जीता ब्राजीलियन सेरी ए खिताब

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** ग्रेगोर के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से बोटाफोगो ने साओ पाउलो को 2-1 से हराकर तीसरी बार ब्राजीलियन सेरी ए खिताब जीतकर 29 साल का इंतजार खत्म किया। बोटाफोगो के लिए मैच के 37वें मिनट में जेफर्सन सावारिनो ने पहला गोल किया, इसके बाद विलियम गोम्स ने 63वें मिनट में साओ पाउलो को लिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।ग्रेगोर ने 92वें मिनट में एक गलत डिफेंसिव पास का फायदा उठाते हुए गोल किया।

रियो डी जेनेरियो के ओलंपिक स्टेडियम में हुए इस परिणाम का मतलब था कि बोटाफोगो ने 79 अंकों के साथ सीजन का समापन किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से छह अंक आगे था। यह आठ दिनों में बोटाफोगो के लिए दूसरी बड़ी ट्रॉफी थी, इससे पहले रियो की टीम ने ब्यूनस आयर्स में कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल में एटलेटिको मिनेरो को 3-1 से हराया था। बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने कहा कि पिछले सीजन में मिली निराशा के बाद यह खिताब जीतना शानदार है। पिछली बार टीम ने पहुंचने के लिए उन्हें बहुत कुछ सहना पड़ा है। बोटाफोगो, जिसने पिछले शीर्ष-स्तरीय खिताब 1968 और 1995 में जीते थे, एक ही साल में



पाल्मेरास से सीरी ए खिताब हारने के लिए 13 अंकों की बढ़त गंवा दी थी।

पुर्तगाल के ब्रागा से अप्रैल में क्लब में शामिल हुए जॉर्ज ने स्पोर्टव से कहा, मैं बहुत खुश हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हमने इस सीजन में अपने लक्ष्य हासिल किए हैं, बल्कि इसलिए भी कि खिलाड़ियों ने पिछले साल बहुत कुछ झेला। हमारा सीजन असाधारण रहा और प्रशंसक किसी से भी ज्यादा इसके हकदार हैं। इस मुकाम तक ब्राजीलियन सीरी ए और कोपा लिबर्टाडोरेस खिताब हासिल करने वाला केवल तीसरा क्लब है। यह उपलब्धि पेले के सैंटोस ने 1962 और 1963 में और फ्लेमेंगो ने 2019 में भी हासिल की थी। बोटाफोगो की टीम अब अपना ध्यान कतर में होने वाले फीफा इंटरकांटिनेंटल कप के उद्घाटन संस्करण पर लगाएगी, जहां बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मैक्सिको के पचुका से होगा।

## बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स ने एडम मिल्ने के साथ किया करार

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को क्रिसमस से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने के लिए अनुबंधित किया है। वे पाकिस्तान के लेग स्पिनर उसामा मीर की जगह लेंगे, जो इस सीजन के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

पिछले सीजन के अंत में ग्लेन मैक्सवेल के कप्तान बनने के बाद स्टार्स इस सप्ताह नए कप्तान की घोषणा करने वाले हैं। मैक्सवेल के 15 दिसंबर को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए फिट होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि वे क्रिसमस से पहले होने वाले पहले तीन मैचों में से किसी में भी खेल पाएंगे या नहीं। मीर स्कॉर्चर्स, ब्रिसबेन हीट और एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ पहले तीन मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं, जो पांच दिनों के अंतराल में तीन शहरों में खेले जाएंगे। स्टार्स ने उन तीन मैचों के लिए मिल्ने को टीम में शामिल किया है। वह इससे पहले 2020-21 में सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में



खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 7.56 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट लिए थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, एडम जैसी प्रतिभा और अनुभव वाले किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करना पहले तीन मैचों के लिए टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एडम ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानता है, हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकता है। मिल्ने टेस्ट ड्यूटी पर मौजूद स्कॉट बोलैंड की अनुपस्थिति को भी कवर करेंगे। स्टार्स को कम से कम पर्थ में शुरुआती गेम के लिए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की कमी खल सकती है, क्योंकि वह 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए टेस्ट टीम में बने रहने के लिए तैयार हैं।

# न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा

एजेंसी

**वेलिंगटन।** बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की।सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला



हाई परफॉरमेंस हेड लिज़ ग्रीन ने कहा, बेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फ़र्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वे अब बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसा कि हमने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में देखा। उस टूर्नामेंट के दौरान बहुत अधिक विकास हुआ, जो पिछले दो वर्षों में बेन और कोचों द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है।न्यूजीलैंड की अगली श्रृंखला इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जाएगी, जिसमें 19, 21 और 23 तारीख को तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

## टेनिस चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में प्रयागराज के सजल ने लखनऊ के ओम यादव को हराया

एजेंसी

**लखनऊ ।** उप्र स्टेट टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल राउंड में खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाया। बढ़त बनाने के लिए ठंड में पसीने बहाते रहे। इसमें लखनऊ के खिलाड़ियों ने अपना जलवा कायम रखा और उनकी बढ़त बनी रहीं। प्रयागराज के सजल केसरवानी ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से मात देकर अपना जलवा बनाये रखा।उप्र टेनिस एसोसिएशन द्वारा मिनी स्टेडिमयम विजयंतखंड में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष सिंगल्स सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के सजल ने लखनऊ के ओम यादव को 8-4 से हराया। वहीं दूसरा मुकाबला लखनऊ यश यादव का लखनऊ के ही वरूण सिंह ने हुआ, जिसमें यश ने कड़ी टक्कर में वरुण को 8-7 से मात दे दी। वहीं पुरुष अंडर-18 सेमी फाइनल राउंड में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के रोहिन को 8-0 से मात दे दी। महिला वर्ग में सानिध्य ने वरुण को 8-5 से हराया।पुरुष वर्ग के अंडर-16 सिंगल्स मुकाबले में प्रयागराज के ऋषि यादव ने लखनऊ के कौस्तुभ सिंह को 8-3 से मात दी। वहीं महिला वर्ग में लखनऊ की सानिध्या ने लखनऊ की राहिन राज को 8-3 से मात दी। महिला वर्ग में सेमीफाइनल राउंड में आशि ने आदित्री को 8-4 से, लखनऊ की ही ऐराह ने ताशी को 8-5 से हरा दिया। वहीं महिला सिंगल सेमी फाइनल राउंड में लखनऊ की सासा कटियार ने गौरी जायसवाल को 7-0 से मात दे दी।

# सीनियर नेशनल रेसलिंग चैम्पियनशिप : हरियाणा की महिलाओं ने तीसरे दिन जीते 7 स्वर्ण

एजेंसी

**बेंगलुरु।** हरियाणा ने यहां कोरामंगला इनडोर स्टेडियम में चल रहे सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के अंतिम दिन महिलाओं की श्रेणी में सात स्वर्ण पदक जीते। पहले पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन पर हावी होने के बाद, हरियाणा ने महिला वर्ग में 10 स्वर्ण पदकों में से आठ जीतकर कुल 235 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा के कई स्वर्ण पदक विजेताओं के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र राधिका (68 किग्रा) थीं, जिन्होंने इस साल अप्रैल में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत जीता था। शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद, उन्होंने मध्य प्रदेश के अंजलि करोस के खिलाफ श्रेष्ठता (वीएसयू) द्वारा एक जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, इसके बाद क्वार्टरफाइनल में हिमाचल प्रदेश की सोनिका कुमार को शिकस्त दी। 23 वर्षीय राधिका, जिन्होंने एशियाई खेल 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, ने सेमीफाइनल में कर्नाटक के लीना





एंथोनी को हराया और फिर 68 किग्रा श्रेणी के फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराकर स्वर्ण जीता। राधिका ने डब्ल्यूएफआई रिलीज के हवाले से कहा, मैं इस प्रतियोगिता के लिए आने से पहले आश्वस्त महसूस कर रहा थी और मैं स्वर्ण जीतने पर खुश हूं। अंतिम बाउट सबसे चुनौतीपूर्ण था, लेकिन प्रतियोगिता का स्तर ही यही है।राधिका का अगला लक्ष्य अब आगामी एशियाई खेल 2026 है। उन्होंने कहा, मैं एशियाई खेलों में अपने मैचअप से पहले बीमार हो गया थी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी, लेकिन मुझे यह भी एहसास हुआ कि मुझे उस स्तर पर सफल होने के लिए सुधार करना चाहिए। मैं 2026 एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और भारत के लिए एक स्वर्ण पदक वापस लाना चाहती हूं। अन्य पहलवानों में ज्योति ने राजस्थान के कविटा एम को हराकर 53 किग्रा के फाइनल में जीत हासिल की, जबकि मीनाक्षी ने 55 किग्रा के फाइनल में एसएससीबी की ज्योति को हराया। तपस्या (57 किग्रा) और अंजलि (59 किग्रा) ने हरियाणा के लिए दो और स्वर्ण जीते, दोनों ने क्रमशःमहाराष्ट्र की आशलेश और पंजाब की तनु को हराया। टीम हरियाणा के लिए स्वर्ण बारिश जारी रही जब मनीषा ने राजस्थान की मोनिका को 65 किग्रा वर्ग में और प्रिया (76 किग्रा) ने एसएससीबी की रीतिका को खिताबी मुकाबले में हराया।

# एडिलेड में मिली हार के बाद रोहित ने की बुमराह की तारीफ, कहा-अन्य को भी जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ की, साथ ही कहा कि अन्य गेंदबाजों को भी आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने की आश्यकता है।

ट्रैविस हेड के शतक के बाद मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी 2025 तालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा, बुमराह को कई बार विकेट नहीं मिलेंगे, और अन्य लोगों को आगे बढ़कर जिम्मेजारी उठाने की आवश्यकता होती है। यह सिर्फ एक व्यक्ति या दो के बारे में नहीं है; यदि आप एक श्रृंखला जीतना चाहते हैं, तो सभी को जिम्मेदारी साझा करनी



है, अपना हाथ ऊपर रखना है, और काम करना है। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में चार-चार विकेट लिए, जबकि सिर्फ अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे राणा और रेड्डी ने मिलकर 22 ओवर फेंके और 1 सफलता हासिल की। रोहित ने इन युवाओं में आत्मविश्वास पैदा करने में अपनी भूमिका पर जोर दिया, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर नए हैं, उन्होंने कहा, उन्हें आत्मविश्वास की आवश्यकता है, और इसे प्रदान करना मेरा काम है। जब वे एक मैच खेलते हैं, तो उन्हें आश्वस्त महसूस करना चाहिए। बुमराह ने एडिलेड में पहली पारी में 23 ओवर फेंके और 61 रन देकर 4 विकेट लिया। रोहित ने पूरे पांच-मैच श्रृंखला के लिए बुमराह को ताजा रखने के लिए रणनीतिक योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। रोहित ने कहा, मैं बुमराह से बात करता रहता हूं, यह पूछता हूं कि उसका शरीर कैसे पकड़ रहा है। यह पांच मैचों की श्रृंखला है, और हम चाहते हैं कि बुमराह ताजा हो और सभी पांच मैच खेलें। इन चीजों का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है; कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। योजना हमेशा होती है। आप बुमराह से उम्मीद नहीं कर सकते कि सुबह से शाम तक दोनों छोरों से गेंदबाजी की जाएगी। गेंदबाजों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है। हम उनसे बात करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं। रोहित ने कहा, वह [सिराज] लड़ाई में उतरना पसंद करता है। यह उसे सफलता देता है। कप्तान के रूप में, उस आक्रामकता को वापस करना मेरा काम है। जाहिर है, वहाँ एक अच्छी लाइन है-हम उस सीमा को पार नहीं करना चाहते हैं, जिससे खेल का अनादर होता है। अतीत में, हमने कई क्रिकेटरों को इस तरह की लड़ाइयों में पनपते हुए देखा है, और सिराज निश्चित रूप से उनमें से एक है।पांच मैचों की यह श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और दोनों पक्ष अब तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिस्बेन जाएंगे, जो 14 दिसंबर से शुरू होगा।

# हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यश मुंबई ईगल्स को हराकर तीसरी बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब

एजेंसी

**मुंबई।** छह दिनों तक चले मनोरंजक और बिना रुके टेनिस एक्शन के बाद, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने रविवार शाम यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। चार श्रेणियों में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद, हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु प्रधान ने हैदराबाद के लिए खिताबी जीत सुनिश्चित की। फाइनल में यश मुंबई ईगल्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की, क्योंकि हैरियट डार्ट ने यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ महिला एकल गेम में 14-11 के स्कोर से जीत हासिल की। ??पुरुष एकल में करण सिंह ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक को 14-11 से हराकर यश मुंबई ईगल्स को बराबरी दिला दी। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स गेम में अपना दबदबा बनाया, हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन की जोड़ी ने यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान को 16-9 से हराकर अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में पहुंचा दिया। पुरुषों के युगल वर्ग में, करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान व हैदराबाद



स्ट्राइकर्स के विष्णु वर्धन और बेंजामिन लॉक के बीच मैच 10-10 बराबरी पर समाप्त हुआ और हैदराबाद ने 51-44 से खिताब अपने नाम कर लिया।

**सेमीफाइनल मुकाबलेः**

दिन की शुरुआत पहले सेमीफाइनल से हुई, जहां लीग लीडर यश मुंबई ईगल्स का सामना सुमित नागल की गुजरात पैंथर्स से हुआ। यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ ने अपनी टीम को मज़बूत शुरुआत दी और महिला एकल मैच में गुजरात पैंथर्स की एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 से हराया। सुमित नागल ने पुरुष एकल में अपनी टीम के लिए वापसी की और यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह को 14-11 के स्कोर से हराया। मिश्रित युगल वर्ग के दौरान मैच का रुख़ बदल गया, जब यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान ने एकातेरिना काज़ियोनोवा और विजय सुंदर प्रशांत पर 16-9 से शानदार जीत हासिल की। पुरुष युगल वर्ग में, यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान ने गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 10-9 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया। अंततः, यश मुम्बई ईगल्स ने पहले सेमीफाइनल में 51-43 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।

# आप के समर्थकों के वोट कटवाने पर केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर बोला हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली में एक षडयंत्र के तहत "आप" के समर्थकों के वोट कटवाने पर भाजपा पर जमकर हमला किया। केजरीवाल ने मीडिया द्वारा शाहदरा विधानसभा के आंबेडकर कैंप समेत अन्य इलाकों में रह रहे लोगों से बातचीत की वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में बीजेपी चोरी-छुपे चुन-चुनकर लोगों के वोट कटवा रही है।

बीजेपी बेईमानी से दिल्ली का चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पत्रकार जब दिल्ली की गलियों में जाकर पता कर रहे हैं तो जनता उन्हें खुद हकीकत बता रही है। उन्होंने कहा कि शाहदरा में कैसे एक ही इलाके के 300 से ज्यादा लोगो के वोट काट दिए गए जो 20-30 सालो से वहाँ रह रहे हैं, वो भी केवल बीजेपी के बीएलए की शिकायत पर। जिन लोगों के वोटर लिस्ट से नाम कटे हैं, वो खुद कह रहे हैं कि शायद उनको पता चल जाता होगा कि हम लोग केजरीवाल को वोट देते हैं।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कई पोस्ट कर कहा कि एक ही परिवार के तीन सदस्यों के नाम काट दिए गए, नाम काटने वाली लिस्ट पर मुहर और हस्ताक्षर ह्लबीजेपी के बीएलए के हैं। आखिर क्यों बीजेपी पूरी प्लानिंग से गरीब लोगों के वोट कटवा रही है?20 साल से एक व्यक्ति उसी पते पर और उसी घर में रह रहा है, ना उनकी मृत्यु हुई और ना ही वो शिफ़्ट हुए, फिर भी वोटर लिस्ट से नाम काट दिया गया। उन्होंने कहा कि 2020 में आप ने किसको वोट दिया। बीजेपी का बीएलए ये



सवाल पूछता है और उसे किसी तरह ये पता चल जाए कि वोटर आम आदमी पार्टी का समर्थक है तो तुरंत नाम के आगे क्रॉस लगा देता है।

उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल ने अभी हाल ही में यह खुलासा किया था कि भाजपा दिल्ली का चुनाव जीतने के लिए एक साजिश के तहत "आप" समर्थकों के वोट कटवा रही है। शहादरा विधानसभा क्षेत्र से 11 हजार से अधिक वोटरों के नाम लिस्ट से हटाने के लिए भाजपा ने चुनाव आयोग में आवेदन किया है। यह लोग आम आदमी पार्टी के समर्थक हैं। इस दौरान कुछ लोगों को भी मीडिया के सामने पेश किया गया जिनके नाम काटे गए हैं या काटने के लिए भाजपा ने दे रखे हैं।

आम आदमी पार्टी के इस खुलासे के बाद पूरी दिल्ली में हड़कंप मचा हुआ है। अब मीडिया भी इन आरोपों की सच्चाई जानने के लिए शहादत विधानसभा क्षेत्र की गलियों में घूम घूम कर लोगों से बात कर रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान लोग खुलेआम इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने अभी हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में वोट किया था लेकिन अब बिना कारण बताए उनका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया। लोगों ने मीडिया से बताई, ये भाजपा की है साजिश,मेरे ससुर, मेरी साली और मेरा नाम कट चुका है- सुशील

लिस्ट आई तो पता चला, मेरा नाम नहीं है -

एक ही परिवार के काट दिए पांच लोगों के नाम

उपेंद्र कुमार नामक व्यक्ति बताते हैं कि करीब दो महीने पहले हमारी कॉलोनी में बीजेपी के बीएलए सर्वे करने आए थे। उन्होंने हमसे हमारा नाम पूछा। फिर पूछा कि आप कहां रहते हैं। इस पर मैंने उन्हें बताया कि अंबेडकर कैंप में हमारा खुद का मकान है।

बाद में उन्होंने मुझसे पूछा कि 2020 के चुनाव में आपने किसको वोट दिया था। जिस पर मैंने कहा कि जिसने हमारे बच्चों के लिए काम किया है, हमने उसे वोट किया है।

उन्होंने मुझसे साफ-साफ पूछा कि अरविंद केजरीवाल को दिया, बीजेपी को दिया या कांग्रेस को दिया है? फिर मैंने बताया कि आम आदमी पार्टी को वोट दिया है। इसके बाद उन्होंने कहा ठीक है और मेरे नाम के आगे क्रॉस का निशान लगा दिया।

## दुर्लभ और लाइलाज रक्त कैंसर को टाल सकता है फाइबर युक्त आहार : शोध

**नई दिल्ली।** एक शोध में यह बात सामने आई है कि हाई फाइबर युक्त आधारित आहार मल्टीपल मायलोमा की गति को धीमा कर सकता है। मल्टीपल मायलोमा एक प्रकार की दुर्लभ और असाध्य रक्त कैंसर है जो बोन मेरो को प्रभावित करता है। मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर (एमएसके) की टीम ने इस संबंध में पहली बार किए गए क्लिनिकल परीक्षण के परिणामों की रिपोर्ट दी है।

सैन डिएगो कैलिफोर्निया में 2024 अमेरिकन सोसायटी ऑफ हेमेटोलॉजी (एएसएच) की वार्षिक बैठक में निष्कर्ष प्रस्तुत करने वाली एमएसके मायलोमा विशेषज्ञ डॉ उर्वी शाह ने कहा, यह अध्ययन पोषण की शक्ति को प्रदर्शित करता है। यह विशेष रूप से उच्च फाइबर वाले पौधे-आधारित आहार की बात करता है कि यह किस प्रकार माइक्रोबायोम और मेटाबोलिज्म में सुधार लाकर एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकता है।

उन्होंने कहा, "ये निष्कर्ष इस बात का समर्थन करते हैं कि कैसे हम चिकित्सक के रूप में रोगियों को सशक्त बना सकते हैं, विशेष रूप से उन लोगों को जो कैंसर से पहले की स्थिति में हैं। आहार परिवर्तनों के माध्यम से उनके कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है।"

अध्ययन में 20 प्रतिभागियों को शामिल किया गया था, जिनमें प्रीकैंसरस रक्त विकार और मल्टीपल मायलोमा विकसित होने के जोखिम में उच्च बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) था। उन्हें 12 सप्ताह तक उच्च फाइबर युक्त पौधे आधारित भोजन और 24 सप्ताह तक प्रशिक्षण दिया गया।

अध्ययन से पहले रोग की प्रगति से पीड़ित दो प्रतिभागियों में रोग की प्रगति के उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। इसके अतिरिक्त, नामांकन के एक वर्ष बाद, प्रतिभागियों में से किसी में भी मल्टीपल मायलोमा विकसित नहीं हुआ था। अध्ययन के दौरान प्रतिभागियों को जितना चाहें उतना खाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, बशर्ते कि वे फल, सब्जियां, मेवे, बीज, साबुत अनाज और फलियां जैसे पूरे पौधे-आधारित खाद्य पदार्थ ही खाएं।

इन आहार परिवर्तनों के साथ, जीवन की गुणवत्ता, इंसुलिन प्रतिरोध, आंत माइक्रोबायोम स्वास्थ्य और सूजन में महत्वपूर्ण सुधार हुए। औसतन, प्रतिभागियों ने 12 सप्ताह के बाद अपने शरीर के वजन का आठ प्रतिशत खो दिया। इन निष्कर्षों की पुष्टि मायलोमा माउस मॉडल में की गई, जहां उच्च फाइबर आहार खिलाए गए 44 प्रतिशत चूहों में मायलोमा की प्रगति नहीं हुई, जबकि मानक आहार खिलाए गए सभी चूहों में मायलोमा की प्रगति हुई। इन निष्कर्षों की पुष्टि मायलोमा माउस मॉडल में की गई, जहां उच्च फाइबर आहार खिलाए गए 44 प्रतिशत चूहों में मायलोमा की प्रगति नहीं हुई।

## पीएम मोदी, पानीपत में 'बीमा सखी योजना' का करेंगे शुभारंभ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर की सुबह जयपुर में होंगे। यहां वो जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे हरियाणा में 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे।

राजस्थान के बाद पीएम मोदी हरियाणा के पानीपत जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे एलआईसी की 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

9 से 11 दिसंबर तक तीन दिवसीय आयोजित होने वाले निवेश शिखर सम्मेलन का विषय है 'पूर्ण, जिम्मेदार, तैयार' है। शिखर सम्मेलन में जल सुरक्षा, सतत खनन, सतत वित्त, समावेशी पर्यटन, कृषि-व्यवसाय नवाचार और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप जैसे विषयों पर 12 क्षेत्रीय विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान आठ देश सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भाग लेने वाले देश 'रहने योग्य शहरों के लिए जल प्रबंधन', 'उद्योगों की बहुमुखी प्रतिभा- विनिर्माण और उससे परे' और 'व्यापार और पर्यटन' जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे।

तीन दिनों में प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव और एमएसएमई कॉन्क्लेव भी आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में राजस्थान पवेलियन, कंट्री पवेलियन, स्टार्टअप पवेलियन जैसे थीम आधारित मंडप होंगे।

# दिल्ली में नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का अभियान सफलतापूर्वक संपन्न






**नई दिल्ली।** देश में नन्हें बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए केंद्र सरकार निरंतर अपनी अनेकों योजनाओं से कल्याण कार्य करती आ रही है। इस रविवार को भी केंद्र सरकार के संचालन में एकीकृत जिला स्वास्थ्य समिति, दक्षिण पश्चिम जिला दिल्ली द्वारा उत्तम नगर दिल्ली में नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। डॉक्टर्स की टीम के साथ सीनियर नर्स अनीता सैनी ने भी पूरे उत्साह के साथ सभी बच्चों को पोलियो की ड्रॉप्स पिलाई। स्थानीय निवासियों ने अपने नन्हे बच्चों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलवाई। पूरे विश्व में भारत के इस विशाल पोलियो ड्रॉप्स कार्यक्रम की प्रशंसा की जा रही है।

## राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर इंडिया ब्लॉक में चिंता उठ रही है : नलिन कोहली

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के 'इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व' वाले बयान के बाद से विपक्षी नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने भी ममता बनर्जी के इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने पर समर्थन करने की बात कही है। इसके बाद से सियासी घमासान तेज हो गया है। इसी बीच ममता बनर्जी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का रिएक्शन आया है।

भाजपा नेता नलिन कोहली ने रविवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि इन सब बातों से एक बात स्पष्ट हो जाती है कि इंडिया ब्लॉक के घटक दलों में राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर एक चिंता उठ रही है। दूसरी बात यह भी स्पष्ट हो रही है कि अलग-अलग नेता अपनी क्षमता देख रहे हैं कि हम इस घटक दल को आगे बढ़ाएं, हम इस एलायंस को आगे बढ़ाएं। यह तो कांग्रेस पार्टी को तय करना पड़ेगा और उनको जवाब देना पड़ेगा। क्या उनके साथ जो अलग-अलग घटक दल हैं, वो राहुल गांधी के साथ हैं या नहीं, यह उनको तय करना पड़ेगा। इसमें भारतीय जनता पार्टी का कोई रोल नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि शरद पवार एक गंभीर और वरिष्ठ नेता हैं और कई लोग मानते हैं कि उन्हीं के प्रयासों से महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी गठबंधन संभव हो पाया है। वह ममता बनर्जी के नेतृत्व में बात कर रहे हैं, तो यह कांग्रेस पर सीधा प्रहार है। साथ-साथ समाजवादी पार्टी और बाकी घटक दल जो महाराष्ट्र में उनके साथ है, अगर महाविकास आघाडी से बाहर निकलते हैं तो इसका जवाब भी कांग्रेस पार्टी को देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी इंडी गठबंधन में तकरार की खबरें सामने आ रही है। अखिलेश यादव की पार्टी सपा ने महाविकास आघाडी से खुद से अलग कर लिया है। वहीं हाल ही में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जताई की थी। जिसके बाद उन्हें कई सहयोगी दलों का साथ भी मिला। उद्धव गुट की शिवसेना, समाजवादी पार्टी , शरद पवार की एनसीपी ने भी ममता बनर्जी के नेतृत्व की तारीफ की थी।

## भूमि पूजा के साथ शुरू हुई 12+1 वां भव्य श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव की शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क, जेएमडी टेन्ट के सामने श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति रजि. द्वारा रविवार को भूमि पूजा कर 12+1वां भव्य श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव तथा विशाल सामूहिक शुभविवाह की तैयारी शुरू कर दी। श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी बालाजी महोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इस बार श्री राम कथा 15 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तथा विशाल सामूहिक शुभविवाह 18 दिसम्बर को व श्री बालाजी महोत्सव 22 दिसम्बर 2024 को मनाया जाएगा, पूरे दिन उत्सव का माहौल रहेगा। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन रितेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक मुकेश मित्तल, सह-सचिव रमेश लुथरा, प्रवीण चैधरी, उमेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव गुप्ता, आशीष मित्तल, सतपाल बंसल, अमित जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम का यह 12+1वां वर्ष है तथा हर साल की तरह इस बार भी 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जाएगा।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के चेयरमैन रितेश बंसल ने कहा कि 12+1वां श्री बालाजी महोत्सव में मशहूर कथा वाचक परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाहुर जी महाराज के सानिध्य में भव्य श्री राम कथा को सुनाएगें। कथा के मुख्य यजमान श्री बृजमोहन राजीव गुप्ता परिवार होगें तथा 22 दिसम्बर को शीतल पांडेय, धर्म नागर, पूजा आनंद, लोकेश गोयल सहित कई नामचीन कलाकार अपने भजनों दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे व मंच का संचालन लोकेश गोयल द्वारा किया जाएगा।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के महासचिव महेश अग्रवाल ने बताया की पंडाल के बाहर सैकड़ों गाडियों के पार्किग की व्यवस्था की जाएगी। सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था भी रहेगी, वहीं दिल्ली 6 की चाट व एलईडी लाइट से जगमगाते झूले मेले में मुख्य आकर्शण का केन्द्र होंगे। पंडाल में जगह जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी, जिससे लोग श्री राम कथा का आनंद ले

## पूरे देश के लिए मुफ्ती परिवार बीमारी, हिंदुत्व पर टिप्पणी करने से बचें : अजय आलोक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने 'हिंदुत्व' का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इल्तिजा मुफ्ती ने हिंदुत्व को एक 'बीमारी' बताया, जिसके बाद भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक भड़क गए। उन्होंने रविवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए मुफ्ती परिवार पर प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बीमारी तो खुद मुफ्ती परिवार है, जो जम्मू-कश्मीर और पूरे देश के लिए बीमारी है। अगर हिंदुत्व इनको बीमारी लगती है, तो हिंदुत्व से दूर रहना चाहिए और टिप्पणी करने से बचना चाहिए। लेकिन, बीमारी ने इन्हें जकड़ लिया तो ये नहीं बच पाएंगे।

दरअसल, इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें एक धर्म के नाम पर कुछ नाबालिग लड़के बच्चों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे।

इल्तिजा मुफ्ती ने एक्स पर लिखा, "भगवान राम को अपना सिर शर्म से झुका लेना चाहिए और असहाय होकर देखना चाहिए क्योंकि नाबालिग मुस्लिम लड़कों को केवल इसलिए चप्पलों से पीटा जाता है, क्योंकि वे उनका नाम जपने से इनकार करते हैं। हिंदुत्व एक ऐसी बीमारी है, जिसने लाखों भारतीयों को प्रभावित किया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है।"

इसके अलावा भाजपा नेता अजय आलोक ने किसान आंदोलन को लेकर पंजाब सरकार और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी घेरा। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पंजाब सरकार की शह पर ये अरविंद कपटीवाल के दिमाग से अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। सरकार को ब्लैकमेल करने का तरीका है। सरवन सिंह पंढेर को जनता का कितना सपोर्ट है ये हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव में देख लिया। ये कोई किसान नहीं हैं, ये अंशाति फैला रहे हैं। हाईवे जामकर लाखों लोगों का जीवन तहस-नहस कर दिया। ये पंजाब सरकार की शह पर हो रहा है, जो शर्मनाक है।

भाजपा नेता अजय आलोक ने इंडी अलायंस में खींचतान को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये इंडी ब्लॉक नहीं था, सिर्फ घमंडियों का एक समूह है, जो अपने-अपने घमंड में जीता है। हर कोई नेता बनना चाहता है। ये लोग आखिर क्या करेंगे? न तो ये सत्ता में हैं। जिन-जिन प्रदेशों में इनकी सरकारें है, वहां पर बुरा हाल कर रखा है। इंडी गठबंधन वाले राहुल गांधी को कभी नेता नहीं मानते थे।

## कांग्रेस पार्टी इंडी अलायंस में एक मीम बन चुकी है : शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इंडिया ब्लॉक में तकरार की खबरों के बीच कहा कि कांग्रेस हारी हुई पार्टी बन गई है जिसे बर्दाश्त करने के मूड में उसके साथी भी नहीं हैं।

पूनावाला ने कहा, " सुबह ममता बनर्जी कहती हैं कि 'टीएमसी और मुझे इंडी एलायंस का नेता बनाओ, क्योंकि कांग्रेस से यह काम नहीं हो रहा है। दोपहर तक महाविकास अघाड़ी और उद्धव सेना के रुख के कारण, अबू आजमी बाहर निकल जाते हैं, और अबू आजमी कहते हैं कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग कर रही है।"

उन्होंने आगे कहा, " फिर, हम देखते हैं कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव कहते हैं, राहुल गांधी हमारे नेता नहीं हैं। इंडी अलायंस के नेता नहीं है। कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और वह अभी भी चुनाव हारी है इसलिए हम लोग सरकार नहीं बना पाए हैं। कोई यह मांग करता है कि इंडी अलायंस का किसी को नेता बनाया जाए तो हम उस मांग का स्वागत करते हैं।"

भाजपा नेता ने तंज कसा, "लेफ्ट भी यही बात कर रही है कांग्रेस से नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी इंडी अलायंस में एक मीम बन चुकी है। पहले परजीवी का मीम बनती थी। अब इंडी एलायंस के सभी लोग कह रहे हैं कांग्रेस नहीं हो पाएगा। कांग्रेस हारी हुई पार्टी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में 90 चुनाव हार चुकी है। इंडी अलायंस में अब कांग्रेस को कोई बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।"

झारखंड में कांग्रेस को डिप्टी सीएम पद ने देने को आधार बनाकर पूनावाला ने कहा, " झारखंड में कांग्रेस को जेएमएम ने डिप्टी सीएम का पद नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर में एक विभाग मिला है। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ईवीएम पर दोष देने लगी तो शरद पवार ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया। इंडी अलांयस में शामिल दल कांग्रेस को उनकी मौजूदा स्थिति से अवगत करा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस हर बार की तरह वही गलती दोहराती रही है। धूल चेहरे पर थी और कांग्रेस आईना साफ करती रही। इंडी अलांयस के लोग बोल रहे हैं राहुल गांधी हार स्वीकार कीजिए आप हमारे नेता नहीं हो।"

# टाटा महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

## नाइट, डॉटिंग को 50 लाख रुपये का रिजर्व प्राइस मिला




**नई दिल्ली।** टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) खिलाड़ियों की नीलामी सूची घोषित कर दी गई है, जिसकी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। 120 खिलाड़ियों की सूची में 91 भारतीय और 29 विदेशी क्रिकेटर हैं, जिनमें एसोसिएट नेशंस की 3 खिलाड़ी शामिल हैं।

इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट, दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली और वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन 50 लाख रुपये के रिजर्व प्राइस के साथ शीर्ष ब्रैकेट में होंगी, जबकि 2025 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में 91 भारतीय और 29 विदेशी क्रिकेटरों सहित 120 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें से 3 एसोसिएट नेशंस की हैं।

भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा, शुभा सतीश, पूनम यादव, इंग्लैंड की लॉरेन बेल, दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, इंग्लैंड की मैया बाउचियर और ऑस्ट्रेलिया की किम गर्थ उन 28 कैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनका रिजर्व मूल्य 30 लाख रुपये है। यह नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी।

शनिवार को घोषित डब्ल्यूपीएल 2025 प्लेयर ऑक्शन लिस्ट के अनुसार, 19 स्लॉट के लिए 120 खिलाड़ी मैदान में होंगी, जिनमें से पांच स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं।

इस सूची में नौ कैप्ड भारतीय खिलाड़ी और 21 कैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं, यह जानकारी बीसीसीआई अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के चेयरपर्सन रोजर बिन्नी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में दी। इसके अलावा 82 अनकैप्ड भारतीय और आठ अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे।

पांचों फ्रेंचाइजी के पास 2025 सीजन के लिए अपनी टीम बनाने के लिए 15 करोड़ रुपये का बजट है, जो पिछली नीलामी में 13.5 करोड़ रुपये से अधिक है।

आईएएनएस ने 28 नवंबर को बताया था कि 2025 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) खिलाड़ी की नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी, पांच टीमों के टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण फरवरी 2025 के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

## मीडिया को रोके जाने पर सरवन सिंह पंधेर ने कहा- भगवंत मान सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया

**शंभू बॉर्डर।** किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब पुलिस द्वारा मीडिया को किसान आंदोलन की कवरेज करने से रोके जाने पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि भगवंत मान सरकार केंद्र के इशारे पर काम कर रही है। पंजाब सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है।

बता दें, शंभू बॉर्डर पर किसान पुलिस पोस्ट के बाहर नारेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस की तरफ से मीडिया की गाड़ियों को रोकने के खिलाफ प्रदर्शन किया। शनिवार रात ही एक पत्र हरियाणा पुलिस की तरफ से पंजाब पुलिस को लिखकर बॉर्डर से एक किलोमीटर दूर मीडिया को रोकने को कहा गया था।

इस मामले पर बात करते हुए सरवन सिंह पंधेर ने कहा, "हम लोग किसान मजदूर के साथ हैं। भगवंत मान और केजरीवाल बोलते थे कि मोदी सरकार किसानों के ऊपर जबरदस्ती कर रही है। हम किसान मजदूर के साथ हैं। लेकिन आज पंजाब सरकार का चेहरा भी बेनकाब हो गया है। केंद्र के निर्देश पर भगवंत मान सरकार हमारे मीडिया को कवरेज के लिए जाने नहीं दे रही है। इसकी निंदा करते हैं। स्वयं मुख्यमंत्री आगे आएं और बताएं कि मीडिया को क्यों रोका जा रहा है।"

उन्होंने आगे कहा कि मीडिया का कोई कसूर नहीं है। इस देश में मीडिया को भी आजादी नहीं है।

## नॉट फाउंड सूटेबल किए जाने को लेकर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों में गहरा रोष

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभागों व कॉलेजों में शिक्षकों की स्थायी नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि विभिन्न विभागों / कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर , एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर की नियुक्तियों व पदोन्नति की प्रक्रिया पिछले दो साल से चल रही है। अभी तक लगभग 4800 पदों को भरा जा चुका है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व संबद्ध कॉलेजों में अनुसूचित जाति ( एससी ) अनुसूचित जनजाति ( एसटी ) व ओबीसी के अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्तियों में नॉट फाउंड सूटेबल ( एनएफएस ) किया जा रहा है। नॉट फाउंड सूटेबल किए जाने को लेकर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों में गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को ही क्यों नॉट फाउंड सूटेबल कर रहा है ?

वाणिज्य विभाग , शिक्षा विभाग , फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज , ( एफएमएस ) राजनीति विज्ञान विभाग, डिपार्टमेंट ऑफ एमआईएल के बंगाली विभाग के अलावा कॉलेज स्तर पर भी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को एनएफएस किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। अभी हाल ही में हिन्दी विभाग में हुई एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के पदों पर नियुक्तियों में ओबीसी कोटे के अभ्यर्थियों को नॉट फाउंड सूटेबल (एनएफएस ) कर दिया गया जबकि अनरिजर्व पदों पर नियुक्ति कर ली गई। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस जल्द ही संसदीय समिति , नेशनल एससी,एसटी कमीशन , नेशनल ओबीसी कमीशन व सांसदों से मिलकर नॉट फाउंड सूटेबल संबंधी ज्ञापन देगा और आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के विषय में बताएगा कि इन्हें ही नॉट फाउंड सूटेबल किया जाता है ?

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि डीयू के हिन्दी विभाग में हुई नियुक्तियों में ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को नॉट फाउंड सूटेबल किया गया है जबकि अनरिजर्व पदों पर सभी नियुक्ति कर ली गई। यहाँ 1 एसोसिएट प्रोफेसर व 1 प्रोफेसर पदों पर नियुक्ति की जानी थीं।

बता दें कि पिछले दो साल से विभागों व कॉलेजों में प्रोफेसर , एसोसिएट प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर के 4800 पदों पर नियुक्तियां हुई है इनमें सबसे ज्यादा एससी/एसटी , ओबीसी श्रेणी के लगभग 200 पदों पर नॉट फाउंड सूटेबल किया गया है। जबकि साक्षात्कार देने आए अभ्यर्थियों में बेहतर कैंडिडेट उपलब्ध थे।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी